# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 318 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# घर में घुसकर मारपीट, युवकों को खींचकर झाड़ियों ले गए, चाकू के नोक पर दिखाई बेरहमी

## युवक के गाल को आग से जलाया, पार्षद पुत्र सहित एक दर्जन के विरूद्ध केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणिपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए चाकू की नोक पर एक दर्जन युवकों ने पहले तो किराए के मकान में घुसकर दो युवकों पर जानलेवा हमला किया, बाद में जबरन घर से घसीटते हुए इन्हें झाड़ियों की ओर ले गए, और लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर सहित अन्य हथियार से मारपीट करते रहे। एक युवक के गाल को आग से जलाया। मारपीट के बाद इन्हें पार्षद के घर के पास ले गए। यहां पार्षद के पुत्र सहित अन्य ने पुनः मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर मणिपुर थाना में 8 नामजद सहित अन्य लोगों के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है। एक अन्य परिवार ने भी आरोपियों के विरूद्ध मणिपुर थाने में पृथक से रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी समीर मुण्डा को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य आरोपी फरार हैं।



### इनके विरूद्ध अपराध दर्ज की पुलिस

रिपोर्टकर्ता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी पूर्व में भी अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं, और गैंग बनाकर गुंडागर्दी करते आ रहे हैं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन रहा है। राहुल सोनवानी की रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस ने आरोपियों दर्रीपारा निवासी उदय साहू, उत्तम साहू, आकाश यादव, अखिल सोनी, समीर मुंडा, रौनक मुखर्जी, विशाल साहू, राजा साहू सहित 3-4 अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 296, 351(3), 191(2), 191(3), 190, 115(2), 118(1), 331(8), 127(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक राहुल सोनवानी पिता पन्नेलाल सोनवानी 22 वर्ष, मंगल पाण्डेय खटिकपारा का रहने वाला है, जो वर्तमान में अम्बेडकर वार्ड दर्रीपारा में विकास साहू के यहां किराए के मकान में शुभम रवि के साथ रहकर पढ़ाई करता है। 15 दिसम्बर को रात्रि करीब 9.30 बजे वह अपने किराए के मकान में था, उसी समय उदय साहू, उत्तम साहू, आकाश यादव, अखिल सोनी, समीर मुण्डा, रौनक मुखर्जी सहित अन्य 3-4 व्यक्ति पहुंचे और किराए के कमरे में अंदर घुसकर जातिगत शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। इनके द्वारा राहुल और शुभम को जान से मार-काटकर फेंक देने की धमकी दी गई। इसके बाद चाकू दिखाकर बलपूर्वक घर से खींचते हुए डॉ. अनुपम मिंज के घर के पास झाड़ियों में ले गए और हाथ-मुक्का, ईंट पत्थर, डण्डे व चाकू से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट करते समय आरोपियों ने शुभम रवि का गाल आग से जला दिया। आरोपियों का इसके बाद भी मन नहीं भरा और उदय साहू गाली देते हुए दोनों को प्रकाश साहू के घर ले चलते हैं, वहीं न्यायालय है, फैसला भी वहीं करेंगे, कहते हुए ले गए। यहां प्रकाश साहू के लड़के विशाल साहू और राजा साहू मौजूद थे। आरोप है कि यहां पुनः उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट के बाद अमन मिश्रा से मिलने-जुलने पर मारकर फेंकवा देने की धमकी दी गई। मारपीट में राहुल और शुभम रवि को शरीर में जगह-जगह चोटें आई है।

### घर में घुसकर ईंट-पत्थर से हमला, पूरा परिवार दहशत में

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास दर्रीपारा में रहने वाले कमलेश मिश्रा पिता स्व. त्यागेश्वरी मिश्रा 48 वर्ष ने थाना मणिपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 दिसम्बर की रात को अपने घर में थे। रात को करीब 9.45 बजे उदय साहू, उत्तम साहू, आकाश यादव, समीर मुण्डा, रौनक मुखर्जी, अखिल सोनी सहित अन्य 3-4 अन्य व्यक्ति अकारण घर के अंदर घुस गए और उनके पुत्र अमन मिश्रा को परिवार सहित जान से मारकर खत्म कर देने की धमकी देते हुए ईंट-पत्थर फेंकने लगे। उनके द्वारा शोर मचाने और इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को देने पर सभी मौके से भाग गए। घटना के पूर्व राजा साहू के द्वारा मोबाइल फोन से उनके पुत्र अमन मिश्रा को जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिससे उनका पूरा परिवार खतरे में है। यहां रहने वाले प्रतिष्ठित लोगों में भी भय का माहौल है। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद है।कमलेश मिश्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 191(2), 296, 351(3), 352 का मामला दर्ज कर लिया है, और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# सेरंगदाग बॉक्साइड माइंस में श्रमिकों के शोषण का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के सेरंगदाग बॉक्साइड माइंस में संचालित बालाजी मार्बल एंड टाइल्स कंपनी पर श्रमिकों के साथ गंभीर लापरवाही और श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप लग रहा है। इस संबंध में श्रमिकों एवं सुपरवाइजरों ने कलेक्टर बलरामपुर को लिखित शिकायत सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



शिकायत में बताया गया है कि माइंस में 150 से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, लेकिन अब तक किसी भी श्रमिक का ए-फॉर्म में पंजीकरण नहीं हुआ है, जो श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें अस्थायी रूप से कार्य पर रखा गया है, न्यूनतम वेतन का पालन नहीं किया जा रहा है। न ही पीएफ, ईएसआई और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी, अमानवीय परिस्थितियों में काम कराए जाने और स्थानीय श्रमिकों को हटाकर बाहरी लोगों की नियुक्ति करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। श्रमिकों का कहना है कि यह स्थिति न केवल श्रम कानूनों बल्कि मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है। श्रमिकों ने प्रशासन से मामले की जांच कर सभी श्रमिकों का विधिवत पंजीकरण, उचित वेतन व सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषी कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि तीन दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो वे हड़ताल पर जाने और कार्यस्थल बंद करने मजबूर होंगे, इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह कंपनी प्रबंधन की होगी। मामले ने जिले में श्रमिक अधिकारों और खनन क्षेत्र में नियमों के पालन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बाइक पेड़ से टकराई, मंगेतर के साथ जा रही युवती की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बाइक सवार युवक-युवती पेड़ से हुई टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। जांच के बाद चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया, युवक का इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा की 18 वर्षीय युवती, 15 दिसम्बर को गांव में ही रहने वाले अपने मंगेतर अर्जुन सिंह के साथ मोटरसायकल में सवार होकर अंबिकापुर मीना बाजार में घूमने के लिए आई थी। वापस जाते समय घुनघुट्टा खर्रा नदी के युवक का नियंत्रण बाइक से हट गया और इनकी पेड़ से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई थी। आननफानन में इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवक का इलाज जारी है। घटना से स्वजनों में शोक का माहौल है। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम किया है।

# अधिवक्ता के घर से पीतल और कांसा का पुस्तैनी बर्तन चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सदर रोड निवासी अधिवक्ता के घर में घुसे चोर ने रसोईघर में रखे पीतल व कांसा के पुस्तैनी बर्तनों को पार कर दिया। अगले दिन पुनः चोर छत के रास्ते से उक्त घर में प्रवेश करने की कोशिश किया। चोरी करने में वह सफल हो पाता, इसके पहले मकान स्वामी की नींद खुल गई और अज्ञात चोर पड़ोस के छतों से होते भागने में सफल हो गया। इस घटना के बीच सदर रोड में स्थित एक आभूषण दुकान में भी चोरी के प्रयास का मामला सामने आ चुका है। शहर के मुख्य बाजार मार्ग में चोरी की सामने आई इन वारदातों के बाद पुलिस की मुस्तैदी सवालों के घेरे में है।

रवि सिंह सिद्धू ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 11 दिसम्बर को रात में खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। 12 दिसम्बर को सुबह उठे तो घर के पीछे तरफ रसोई के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, ताला वहीं पास में पड़ा था। कुछ दूर पर लाल रंग का टार्च पड़ा था। किचन के अंदर जाने पर पता चला कि पुस्तैनी पीतल के बर्तनों में परात 02 नग, कढ़ाई 01 नग, गंज 01 नग, ढक्कन 02 नग, बटुआ 01 नग, डिब्बा ढक्कन के साथ 01 नग, लोटा 02 नग, छोटी प्लेट 06 नग, गिलास 02 नग, कांस की थाली 01 नग, तांबे का लोटा 01 नग गायब है। चोरी गए पुराने बर्तनों की कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई जा रही है।

### अगले दिन पुनः छत के रास्ते से पहुंचा चोर

अधिवक्ता ने बताया कि चोरी की इस घटना के बाद 13 दिसम्बर को सुबह 4.40 बजे छत से आवाज आने पर जब उन्हें संदेह हुआ तो वे छत की ओर जाने को हुए। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति उनके घर की छत से उतरकर पड़ोस के छतों से भागते हुए नजर आया। चोर-चोर की आवाज लगाने पर आसपास में रहने वाले भी घर से बाहर निकल गए और चोर का पीछा किए लेकिन चोर मजिस्दपारा गली की ओर से होते राम मंदिर के सामने वाली गली की ओर भागने में सफल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है, और चोर के तलाश में लगी है।

## इनोवा वाहन की ठोकर से घायल महिला की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र में किराना दुकान से सामान लेकर आ रही महिला को अज्ञात इनोवा कार का चालक ठोकर मार दिया। हादसे में घायल महिला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक श्रीमती सावित्री बाई वर्तमान में अपने मायके ग्राम केंवरा लखनपुर आई थी, जो 15 दिसम्बर को शाम करीब 6 बजे गांव के गांधी चैक में रोड किनारे स्थित सुभाष गुप्ता के किराना दुकान में सामान लेने गई थी। सामान लेकर वापस घर आने के लिए निकली थी, इसी दौरान लखनपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की अज्ञात इनोवा कार के चालक ने तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को ठोकर मार दिया, जिससे वह सड़क में फेंका गई। महिला को सिर, पैर एवं अन्य जगहों में गंभीर चोट आई थी, जिस कारण उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट लखनपुर थाने में मृतिका के पुत्र शिव प्रताप सिंह ने दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात इनोवा कार के चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है और दुर्घटनाकारित वाहन के तलाश में लगी है।

# एसीबी की टीम ने उप तहसील में पदस्थ बाबू को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा

## मुआवजा के प्रकरण में 40 हजार की किया था मांग, पूर्व में ले चुका था 15 हजार

**छ.ग.फ्रंटलाइन जरही।** नगर पंचायत जरही के उप तहसील कार्यालय में मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने उप तहसील में पदस्थ बाबू लोखन राम को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी बाबू लोखन राम, नगर पंचायत जरही में पदस्थ हैं और उप तहसील में संलग्न होकर बाबू का दायित्व निर्वहन कर रहे थे। इन पर क्षतिपूर्ति के मुआवजा प्रकरण का निराकरण करने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। बाबू ने पीड़ित से 40 हजार रुपये की मांग की थी, जिसमें से प्रार्थी पहले 15 हजार रुपये दे चुका था। शेष 25 हजार रुपये की मांग किए जाने पर पीड़ित रमेश राजवाड़े, निवासी कोटिया ने एसीबी से इसकी शिकायत की। शिकायत सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मंगलवार को प्रार्थी को शेष रकम देकर उप तहसील भेजा। उप तहसील परिसर में जैसे ही बाबू ने रिश्वत की राशि ली, एसीबी की टीम दबिश दी, और रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी बाबू को गिरफ्तार करके आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए टीम अपने साथ ले गई है।

### एसीबी की टीम को देखकर भागा

एसीबी की टीम को देखते ही आरोपी बाबू भागने लगा, लेकिन टीम ने दौड़कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। हाथ धुलवाने पर बाबू के हाथों में केमिकल रिएक्शन मिला, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई, इसके बाद टीम ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

### मुआवजा 80 हजार, 40 हजार मांगा

पीड़ित ने बताया कि उसे क्षतिपूर्ति मुआवजा के रूप में लगभग 80 हजार रुपये मिलना था, जिसे दिलाने के एवज में बाबू द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। एसीबी की पांच सदस्यीय टीम ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

# इंटरनेट मीडिया में अश्लील वीडियो वायरल करने वालों के विरूद्ध एफआईआर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र की एक महिला का आपत्तिजनक कमेंट के साथ अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही एक व्यक्ति व घरघोड़ा की महिला के द्वारा 07.11.2025 को 6.50 बजे से 13.12.2025 के 3 बजे के बीच उसका अश्लील विडियो बनाया गया है और फोटो पर अश्लील कमेंट लिखकर वाट्सअप नंबर व इंस्ट्राग्राम में वायरल किया गया है। मानसिक तौर से परेशान महिला ने सीतापुर थाना पुलिस को बताया है कि आरोपियों के द्वारा बार-बार रुपये की मांग की जा रही थी। रुपये नहीं देने पर वीडियो को वायरल कर दिया गया, जिससे उसे सामाजिक व अन्य तरीके से बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। आरोपियों के द्वारा पुलिस के पास जाने पर पूरे परिवार को मारकर खत्म कर देने की धमकी दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 351(2), 79 का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत अंश पंडित एक वर्ष केंद्रीय जेल में रहेगा निरूद्ध

## पुलिस अधीक्षक के अनुशंसा पर जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कड़ा कदम उठाते हुए जिला मजिस्ट्रेट सरगुजा ने अंबिकापुर के एक युवक के विरुद्ध एक वर्ष की अवधि के लिए निरोध आदेश पारित किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, सरगुजा के अनुशंसा पर की गई है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक, सरगुजा द्वारा जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित, पिता अशोक तिवारी उर्फ बाबा पंडित 21 वर्ष निवासी जरहागढ़ के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3(2) के अंतर्गत कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। अनुशंसा के आधार पर प्रकरण की विधिवत जांच के उपरांत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 12 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3(2) के तहत निरोध आदेश पारित किया गया। आदेश के अनुसार अनावेदक को एक वर्ष की अवधि के लिए केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में निरुद्ध रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह कदम क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से उठाया गया है। बता दें कि अंश पंडित के विरूद्ध कई मामले थाने में दर्ज है। इसकी अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस से मिले प्रतिवेदन की सुनवाई के बाद जिला बदर की कार्रवाई की थी। जिला बदर की अवधि में भी जिला मजिस्ट्रेट के आदेश की परवाह किए बगैर मारपीट सहित अन्य गंभीर अपराधिक गतिविधियों में उसकी संलिप्तता सामने आई थी। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के प्रतिवेदन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई जैसा बड़ा कदम उठाया है। इससे बार-बार संगीन अपराधों में शामिल रहने वाले अपराधियों को भी सबक मिलेगा।

# भोसकर विलास को अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का दायित्व, अजीत वसंत सरगुजा कलेक्टर





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने एक साथ कई आईएएस अधिकारियों के तबादले और प्रभार परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल में कई जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, वहीं कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त और नए दायित्व सौंपे गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। राज्य शासन के आदेशानुसार वर्तमान सरगुजा कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान को आगामी आदेश तक अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ का दायित्व सौंपा गया है। यह नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के बाद की गई है। इसके साथ ही कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत को कलेक्टर, सरगुजा की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रशासनिक ढांचे में भी बदलाव किया गया है। राज्य के कई जिलों में कलेक्टर स्तर पर बदलाव किए गए हैं। राज्य सरकार के इस प्रशासनिक फेरबदल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




# पारदर्शी धान खरीदी शासन की प्राथमिकता, कोचियों पर करें कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

**★ जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने के दिये निर्देश ★ समय-सीमा की बैठक संपन्न**

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री कटारा ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर प्रगति लाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने धान उपार्जन, उठाव व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें।

कलेक्टर ने अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी रखने तथा अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में भी सतर्क निगरानी रखे और अवैध धान खपाने वाले कोचियों व बिचौलियों पर विशेष नजर रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान की आवाजाही रोकने हेतु चेकपोस्ट पर सघन निगरानी रखने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का भ्रमण कर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि खरीदी व्यवस्था पूर्ण रूप से सुचारू और पारदर्शी रहे।



उन्होंने कहा कि किसी भी खरीदी केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री कटारा ने राजस्व संबंधी प्रकरणों, भू-अर्जन मुआवजा राशि से जुड़े मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि लोक सेवा केंद्र, समय-सीमा के प्रकरण, पीजी पोर्टल, जनशिकायत में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा के भीतर और पूर्ण पारदर्शिता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण करें तथा कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन, प्रधानमंत्री आवास शहरी की समीक्षा भी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने के निर्देश दिए, साथ ही अप्रारंभ आवासों को शीघ्र शुरू करने की बात कही। कलेक्टर श्री कटारा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए एमएमयू के माध्यम से स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्ड निर्माण, वितरण प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल, श्री चेतन बोरघरिया, श्री अभिषेक गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीओ होल्डरों से साठगांठ कर कंपनी को नुकसान पहुंचाने का आरोप

**बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान में नियमों की अनदेखी, अवैध कमाई का खेल**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में प्रबंधन के कुछ अधिकारियों पर डीओ होल्डरों से मिलीभगत कर नियम विरुद्ध कार्य करते हुए कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि रोड सेल व्यवस्था में डीओ होल्डरों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी नियमों को दरकिनार किया जा रहा है, जिससे कंपनी को दोहरा नुकसान हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा सरकार के निर्देश पर सभी खदानों में माइनस 100 एमएम साइज का कोयला आपूर्ति करने का स्पष्ट प्रावधान है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, कोयला चोरी पर रोक और बिजली संयंत्रों के लिए उपयुक्त क्रश कोल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

इसके बावजूद बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान, जहां बीते तीन वर्षों से निजी कंपनी गैंनवेल द्वारा कोयला उत्पादन किया जा रहा है, वहां इस नियम की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

**फीडर ब्रेकर में कथित 'कलाकारी'**

आरोप है कि खदान प्रबंधन और क्षेत्रीय अधिकारियों की मिलीभगत से फीडर ब्रेकर में कलाकारी कर माइनस 100 एमएम की जगह 250 एमएम साइज का कोयला तैयार किया जा रहा है। इस बड़े साइज के कोयले को रोड सेल के माध्यम से डीओ होल्डरों को स्टीम कोयले के रूप में आपूर्ति किया जा रहा है, जबकि डीओ में स्पष्ट रूप से माइनस 100 एमएम कोयला देने के निर्देश दर्ज है। बताया जाता है कि इसके एवज में डीओ होल्डरों से खदान प्रबंधन द्वारा कथित तौर पर मोटी सुविधा शुल्क की



वसूली की जा रही है। चूंकि कुल उत्पादन में लगभग 30 प्रतिशत स्टीम कोयला निकलता है, इसलिए इस ओर लंबे समय से किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

**लालच में दोहरा नुकसान**

नियम विरुद्ध स्टीम कोयला उत्पादन का सबसे बड़ा दुष्परिणाम कोयला चोरी के रूप में सामने आ रहा है। खदान के स्टॉक से रोजाना सैकड़ों टन कोयला चोरी खुलेआम हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रतिदिन 80 से 90 टन या उससे अधिक कोयला कोल स्टॉक से स्टीम कोयला बोरे में भरकर खदान के आसपास तस्करों को बेच रहे हैं। यही कोयला ईंट भट्ठों, होटलों, ढाबों और छोटे कारखानों में बेखौफ खपाया जा रहा है।

खदान से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यदि सारा कोयला नियमानुसार क्रश कर माइनस 100 एमएम में बदला जाए तो चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लग सकती है, लेकिन ऐसा करने से कथित अवैध कमाई का रास्ता बंद हो जाएगा।

**निजी कंपनी को भी लाभ**

इस कथित व्यवस्था से कोयला उत्पादन कर रही निजी कंपनी गैंनवेल को भी फायदा होने की बात सामने आ रही है। नियम विरुद्ध बड़े साइज का कोयला निकालने से कंपनी को क्रशिंग पर समय और खर्च नहीं करना पड़ता, जिससे वह बचे समय में अतिरिक्त उत्पादन कर मुनाफा कमा रही है।

सूत्रों का दावा है कि इस पूरे मामले में खदान प्रबंधन और निजी कंपनी के अधिकारियों के बीच भी आपसी सेटिंग है।

**उच्चस्तरीय जांच की मांग**

बताया जाता है कि रोड सेल के माध्यम से कोयला आपूर्ति में खदान प्रबंधन की विशेष रुचि रहती है और डीओ होल्डरों व लिफ्टरों से कथित सेटिंग के जरिए हर माह मोटी रकम की उगाही होती है, जो ऊपर से नीचे तक बंटती है।

स्थानीय स्तर पर इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठने लगी है, ताकि नियमों की अनदेखी, अवैध कमाई और कंपनी को हो रहे नुकसान की सच्चाई सामने आ सके।

इस संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि ऐसा है तो ये गलत है इसकी वे जांच कराएंगे।

# बरगद पेड़ को काटने मामले का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** धार्मिक आस्था से जुड़े पुराने बरगद पेड़ को काटने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



लटोरी पुलिस ने बताया कि सोमवार 15 दिसंबर को प्रार्थी 46 वर्षीय हीराधन राजवाड़े पिता फत्तेराम निवासी द्वारिकानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गत दिनों 7 दिसंबर को गांव के देवगुड़ी के पास स्थित बरगद पेड़ की डंगाल को रविशंकर जायसवाल पिता रामनारायण जायसवाल निवासी द्वारिकानगर द्वारा कटवा दिया गया है, जिससे ग्रामवासियों की धार्मिक भावनाओं एवं आस्था को ठेस पहुंची है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 298 एवं 299 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच उपरांत सोमवार को आरोपी रवि शंकर जायसवाल 36 वर्ष निवासी लटोरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया है।

# अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता बिश्रामपुर की टीम सेमीफाइनल में

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** जोहिला क्षेत्र में आयोजित अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों लीग मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। बिश्रामपुर टीम की इस उपलब्धि से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने कोरबा क्षेत्र को तीन विकेट से हराया। दूसरे मुकाबले में टीम ने सीडब्ल्यूएस कोरबा को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। वहीं तीसरे और निर्णायक लीग मैच में बिश्रामपुर टीम ने मेजबान जोहिला क्षेत्र को 9 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। तीनों लीग मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अशोक दास और अमृत लाल का नाम सुर्खियों में रहा। अशोक दास ने दूसरे लीग मैच में 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वहीं तीसरे लीग मैच में अमृत लाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने।बिश्रामपुर टीम की कप्तानी राजेंद्र प्रधान कर रहे हैं। टीम के कोच वीरेंद्र सिंह एवं टीम मैनेजर राजेश सिंह हैं। टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों के रूप में अवतार सिंह, कुमोद सिंह,




रवि कुमार, सिमोन कुजुर, अशोक दास, अमृत लाल, जितेंद्र वर्मा, अरविंद विकास, नितेश यादव, प्रकाश दीप, घनश्याम, नरेंद्र साहू, बोधन, राजेंद्र और ऋषभ यादव सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। अब बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम 20 दिसंबर को सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी, जिसे लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उक्त जानकारी वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी एसके स्वाई बुन्नु द्वारा दी गई है।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन आयोजित हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न अंचलों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, शिकायत एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कलेक्टर श्री कटारा ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

# करंजी साइडिंग चालू कराने ट्राला संचालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोयला परिवहन बंद होने से वाहन संचालक, चालक-क्लीनर की रोजी-रोटी पर संकट**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** भटगांव से करंजी रेलवे साइडिंग तक ट्रक-ट्रालों के माध्यम से होने वाला कोयला परिवहन पिछले 1 दिसंबर से बंद होने के कारण सैकड़ों वाहन संचालकों और उनसे जुड़े चालक-क्लीनरों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। कोल परिवहन ठप होने से प्रभावित ट्रक-ट्राला संचालकों ने बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर करंजी साइडिंग को शीघ्र चालू कराने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कोयला परिवहन को रोक दिए जाने से पचास से अधिक स्थानीय ट्रक-ट्राले सड़क पर खड़े हो गए हैं। इससे इन वाहनों में कार्यरत 300 से अधिक चालक, क्लीनर एवं साइडिंग



से जुड़े कर्मचारी पिछले पखवाड़े भर से बेरोजगारी और आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

वाहन संचालकों का कहना है कि कोयला परिवहन ही उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है। साइडिंग में कोयला परिवहन को सड़क पर धूल उड़ने का हवाला देकर अघोषित रूप से बंद करा दिया गया है। समस्या के समाधान के लिए संबंधित पक्षों से कई बार बातचीत का प्रयास किया गया, लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल पाया।

संचालकों ने बताया कि परिवहन बंद रहने से वे वाहनों की भारी किस्तें, रोड टैक्स और अन्य देनदारियां चुकाने में असमर्थ होते जा रहे हैं। इसका असर न केवल वाहन मालिकों और कर्मचारियों पर पड़ रहा है, बल्कि राज्य शासन के राजस्व एवं रेलवे को मिलने वाले परिवहन भाड़े का भी नुकसान हो रहा है। ट्रक-ट्राला संचालकों ने प्रशासन से करंजी साइडिंग को अविलंब शुरू कराकर राज्य शासन, रेलवे तथा स्थानीय लोगों को हो रहे नुकसान से बचाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सभी खड़े वाहनों की चाभी प्रशासन को सौंपने के लिए वे बाध्य होंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में ट्रक मालिक संघ सूरजपुर अध्यक्ष विकास सिंह, संजय चौधरी, समीर सिंह,सुरेश मंडल, योगेन्द्र दुबे, संतोष पाठक, राजू सिंह, सरफराज, नागेंद्र यादव,विक्रांत सिंह, राकेश कुमार, चेतराम शत्रुघ्न विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ट्रक ट्राला मालिक उपस्थित थे।

# संबलपुर में एनएसएस यूनिट का सात दिवसीय विशेष शिविर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत संबलपुर में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस एनएसएस के 25 स्वयं सेवक पंचायत भवन में उद्घाटन समारोह की तैयारी की। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य अमित सिंह बनाकर एवं कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शालिनी शांता कुजूर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच कवल बिहारी सिंह थे। अन्य अतिथियों में हर्षवती सिंह प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका एवं ग्राम सचिव दिनेश कुमार जयसवाल, अमरलता एवं दुलेश्वरी रहे। शिविर में दल नायक के रूप में वंश हालदार




को चुना गया। पांच ग्रुपों में छात्र-छात्राओं को बांटा गया एवं ग्रुप के अनुसार कार्य विभाजन 7 दिन के लिए किया गया। सरपंच ने छात्र-छात्राओं को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा में पीजी कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. शम्पू तिर्की मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रहीं। उन्होंने जीवन में नैतिक मूल्यों के बारे में एवं नशा मुक्त रहने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार ने एनएसएस के उद्देश्य और एनएसएस द्वारा स्वयंसेवकों को होने वाले व्यक्तित्व विकास और सेवा भावना के बारे में विशिष्ट जानकारी प्रदान की। परियोजना कार्य के रूप में ग्राम पंचायत भवन संबलपुर परिसर, आंगनबाड़ी परिसर, प्राथमिक शाला की साफ सफाई एवं श्रमदान कार्य किया गया। साथ ही परिसर की नाली की सफाई की गई गाजर घास उन्मूलन कार्य किया गया।

# बिंझिया समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में हुई बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय बिंझिया समाज महासंघ, राष्ट्रीय युवा मोर्चा की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन सूरजपुर जिले के भगवानपुर (बांझी) में संपन्न हुआ। जिसमें देशभर से आए समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा नेतृत्व और गणमान्यजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भूवाल सिंह सिरदार उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा मोर्चा के अध्यक्ष विजय सिरदार ने की।



विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय सचिव हरदेव सिरदार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष देवनारायण पटवारी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिरदार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन विजय सिरदार, संभागीय अध्यक्ष बुझन राम सिरदार सहित जयनगर, कलुआ, भटगांव एवं डभरा क्षेत्रों के अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, समाज की धरती आंबा तथा पूर्वज भगवान गोपाल राय के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। स्वागत भाषण राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय सिरदार ने दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भूवाल सिंह सिरदार ने नव-नियुक्त युवा पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विधिवत शपथ ग्रहण कराया। राष्ट्रीय युवा मोर्चा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष विजय सिरदार, उपाध्यक्ष नरसिंह नारायण सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता देवशरण सिंह सिरदार, महामंत्री पनेश्वर सिरदार, मीडिया प्रभारी भारत सिरदार, गोपाल सेना अध्यक्ष फुलेश सिरदार सहित अनेक पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को दायित्व सौंपे गए। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज से उभरकर आए पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान करते हुए कहा कि समाज का राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण समय की मांग है। उन्होंने समाज की रीति-रिवाज, संस्कार और एकजुटता पर विशेष जोर दिया। साथ ही आगामी 27 दिसंबर को सरगुजा जिले के उदयपुर लक्ष्मणगढ़ में प्रस्तावित राष्ट्रीय महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तय की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ संरक्षकों एवं गणमान्यजनों सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा मोर्चा के प्रवक्ता देवशरण सिंह सिरदार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरसिंह नारायण सिंह ने व्यक्त किया।

# अदाणी विद्या मंदिर स्कूल बना एनएबीईटी मान्यता वाला छत्तीसगढ़ का पहला ग्रामीण स्कूल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

उदयपुर/अम्बिकापुर। अदाणी विद्या मंदिर, सरगुजा ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) के नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनएबीईटी) से प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस मान्यता के साथ एवीएम सरगुजा ग्रामीण छत्तीसगढ़ का पहला विद्यालय बन गया है, जिसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए यह सख्त मूल्यांकन आधारित राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय की शैक्षणिक, शिक्षण-अधिगम तथा प्रशासनिक व्यवस्थाएँ राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं। यह उपलब्धि अदाणी फाउंडेशन की समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसके माध्यम से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को निरंतर सशक्त किया जा रहा है।



## उत्कृष्टता की यात्रा

अदाणी विद्या मंदिर सरगुजा, अदाणी फाउंडेशन की एक विशिष्ट शैक्षणिक पहल है, जो सरगुजा जिले के दूरस्थ जनजातीय गाँव सलही में स्थित है। यह विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध है और मुख्य रूप से उन जनजातीय परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करता है, जिनकी भूमि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) की कोयला खनन परियोजना हेतु अधिग्रहित की गई है। विद्यालय केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का केंद्र है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों के प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है। ये बच्चे अत्यंत साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, जहाँ घर पर शैक्षिक सहयोग लगभग न के बराबर है। विद्यालय सभी छात्रों को बिना किसी शुल्क के शिक्षा प्रदान करता है और उन्हें पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, पौष्टिक नाश्ता एवं दोपहर का भोजन उपलब्ध कराता है। विद्यालय ने विस्तृत आंतरिक ऑडिट प्रक्रियाओं से गुजरते हुए 5 और 6 फरवरी, 2025 को एनएबीईटी की ऑन-साइट अंतिम मूल्यांकन परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की।

## एनएबीईटी मान्यता का प्रभाव

एनएबीईटी मान्यता केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि सतत सुधार और विद्यालय की शैक्षणिक पारिस्थितिकी को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता है। इस मान्यता के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों को महानगरों के स्कूलों के समकक्ष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इनमें सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक रूप से डिजाइन की गई लाइब्रेरी, सभी कक्षाओं के लिए ई-लर्निंग आधारित कंप्यूटर शिक्षा, पूर्णतः सुसज्जित प्रयोगशालाएँ और खेल सुविधाएँ शामिल हैं। छात्रों को विद्यालय बसों द्वारा जंगल के 30 किलोमीटर के दायरे से लाया जाता है। विद्यालय का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ना है, वह भी जनजातीय समुदाय के सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं से समझौता किए बिना। यह मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि विद्यालय की प्रक्रियाएँ व्यवस्थित, निगरानी-पोषित और परिणाम-उन्मुख हैं, जिससे छात्रों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। ऑडिट प्रक्रिया शिक्षण से लेकर प्रशासन तक सभी क्षेत्रों में जवाबदेही सुनिश्चित करती है, जिससे हितधारकों का विश्वास मजबूत होता है। सीबीएसई-संबद्ध स्कूल के रूप में यह मान्यता सुनिश्चित करती है कि अकादमिक योजना और मूल्यांकन सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रथाओं के अनुरूप हों। शिक्षकों के लिए संरचित प्रशिक्षण और सतत विकास के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे कक्षा अनुभव और अधिक समृद्ध व अद्यतन होंगे। एनएबीईटी संतुलित शिक्षा को बढ़ावा देता है, जो छात्रों के बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक विकास को पोषित करता है। सरगुजा के शांत ग्रामीण एवं घने वन क्षेत्र में स्थित यह विद्यालय छत्तीसगढ़ का पहला स्कूल है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। इससे अदाणी विद्या मंदिर गुणवत्ता का एक क्षेत्रीय मानदंड स्थापित करता है और ग्रामीण भारत की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है। यह उपलब्धि अदाणी विद्या मंदिर, सरगुजा के पूरे शिक्षण समुदाय की निष्ठा और अथक प्रयासों का परिणाम है। यह सुनिश्चित करती है कि विद्यालय शिक्षा और तकनीक के बदलते स्वरूप के अनुरूप विकसित होता रहे और इसके विद्यार्थी उच्च शिक्षा एवं करियर के लिए बेहतर रूप से तैयार हों।


# 8 सहकारी बैंकों और सोसाइटियों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष नियुक्त

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। राज्य सरकार ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ के 8 सहकारी बैंकों और सोसाइटियों में नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। निरंजन सिन्हा को रायपुर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष और अभिनेष कश्यप को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं प्रीतपाल बेलचंदन को फिर से दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दुर्ग के प्रीतपाल बेलचंदन सांसद विजय बघेल के बेहद करीबी हैं और वे कुर्मी समाज के नेता भी हैं। जबकि नरेश यदु को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रामकिशुन सिंह को सरगुजा जिले के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का अध्यक्ष और जगदीश साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा बिलासपुर जिले में बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह को अध्यक्ष और रजनी साहू को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व विधायक रजनीश सिंह का विधानसभा चुनाव में बिलासपुर जिले के बेलतरा से टिकट कट गया था। टिकट कटने के बाद भी रजनीश सिंह ने पार्टी के निर्णय का कोई विरोध नहीं किया था। लेकिन, समर्थकों में निराशा देखि गई थी। वहीं अब रजनीश सिंह को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का अध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जगदलपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में श्रीनिवास मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सचिन सिंह बघेल को अध्यक्ष और भरत वर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# यातायात व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा, प्रतीक्षा बस स्टैंड का संचालन 25 दिसंबर से

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



जरही। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 03 में निर्मित बहुप्रतीक्षित प्रतीक्षा बस स्टैंड के संचालन को लेकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा संशोधित आदेश जारी किया गया है। नगर पंचायत जरही के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार पूर्व में यह बस स्टैंड 19 दिसंबर 2025 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों के चलते इसकी तिथि में संशोधन किया गया है। अब प्रतीक्षा बस स्टैंड का नियमित संचालन 25 दिसंबर 2025 से सुनिश्चित किया गया है। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 25 दिसंबर से जरही क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सभी यात्री बसों को अनिवार्य रूप से प्रतीक्षा बस स्टैंड पर ही रोकना होगा। बस चालकों एवं बस मालिकों को निर्देशित किया गया है कि यात्रियों को सड़क किनारे या अन्य स्थानों पर बस में चढ़ाने व उतारने के बजाय निर्धारित प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में ही यह कार्य करें, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो और यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे। इस आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग को भी अवगत कराया गया है। कलेक्टर सूरजपुर, जिला परिवहन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रतापपुर, तहसीलदार प्रतापपुर/जरही तथा थाना प्रभारी भटगांव को आवश्यक कार्रवाई एवं सहयोग हेतु सूचना भेजी गई है। इसके साथ ही नगर पंचायत जरही के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं संबंधित बस एजेंटों को भी यात्रियों को नई व्यवस्था की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पंचायत प्रशासन का मानना है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड के संचालन से नगर क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या में कमी आएगी, अव्यवस्थित बस स्टॉप से निजात मिलेगी और यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जरही नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# रोजगार मेला का आयोजन 16 दिसम्बर को

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए दिनांक 16 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 15 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें विजन इण्डिया सर्विसेज प्रा० लि० (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, रेनूकुट, सोनभद्र), कैनवील एवियेशन, नई दिल्ली, डीसेट्स, फरीदाबाद, बजाज ऑटो लि०, औरंगाबाद, मीडलैण्ड माइक्रोफीन, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, एमॉस स्कील ग्रुप, गुड़गाँव, आर० एस० टी० ग्रुप ऑफ सर्विस, लखनऊ, किसान बाजार, राबर्ट्सगंज, उमोजा मार्केट प्लेस कम्पनी, वाराणसी, कैस्पर माईक्रो क्रेडिट, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ० प्र० परिवहन, सोनभद्र डिपो, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र में संविदा पर चालक की भर्ती, फ्लीफकार्ट, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०, मधुपुर, सोनभद्र, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि०, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र एवं श्रीराम फाईनेन्स, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी।

# अशोक सिंह ने कहा डिजिटल व्यवस्था से धान विक्रय करना हुआ आसान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में लागू की गई पारदर्शी एवं डिजिटल व्यवस्था से किसानों को धान विक्रय में बड़ी सहूलियत मिल रही है। अब किसान मोबाइल के माध्यम से ह्यकिसान तुहंर टोकन ऐप का उपयोग कर घर बैठे टोकन काट रहे हैं और बिना भीड़ के आसानी से धान विक्रय कर पा रहे हैं। अम्बिकापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झिंदकालो के कृषक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने मोबाइल फोन से ह्यकिसान तुहंर टोकन ऐप का उपयोग कर 94.80 क्विंटल धान का दूसरा टोकन घर बैठे काटा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के उपयोग से किसान अब स्मार्ट बन रहे हैं। मोबाइल से टोकन काटना बेहद सरल है, जिससे धान उपार्जन केन्द्र आने की आवश्यकता नहीं पड़ी और भीड़ से भी बचाव हुआ है।



अशोक कुमार सिंह ने बताया कि दरिमा धान उपार्जन केन्द्र पहुंचते ही नमी परीक्षण के उपरांत हमालों द्वारा धान की तौल प्रक्रिया पूरी की गई। तुहंर टोकन ऐप के उपयोग से समय और श्रम दोनों की बचत हुई है। उन्होंने बताया कि वे दरिमा उपार्जन केन्द्र में कुल लगभग 220 क्विंटल धान का विक्रय करते हैं, जहां धान तौल की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध होने से किसानों को बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ती। आवश्यकता अनुसार राशि धान उपार्जन केन्द्र से ही निकाली जा सकती है। उन्होंने बताया कि उन्हें दो हजार रुपये की जरूरत थी, जिसे उन्होंने माइक्रो एटीएम के माध्यम से समिति से निकाला। अशोक सिंह ने धान खरीदी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होने से किसानों को बड़ा आर्थिक लाभ मिल रहा है। इससे किसान सशक्त और समृद्ध बन रहे हैं तथा खेती-किसानी के विस्तार में मदद मिल रही है। उन्होंने सुचारु धान खरीदी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के हित एवं सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे धान विक्रय की प्रक्रिया सरल, सुगम एवं भरोसेमंद बन रही है।

# कोहरे की चादर में लिपटा रहा जरही नगर पंचायत, 10 बजे के बाद छटा कोहरा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



जरही। नगर पंचायत क्षेत्र में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे पूरा नगर कोहरे की सफेद चादर में ढका नजर आया। सुबह तड़के से ही सड़कों, गलियों और प्रमुख चौक-चौराहों पर दृश्यता काफी कम रही। कोहरे के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर बेहद धीमी गति से वाहन चलाना पड़ा, वहीं पैदल चलने वाले राहगीरों को भी विशेष सतर्कता बरतनी पड़ी। कोहरे का असर आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दिया। स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और रोजमर्रा के कार्यों के लिए निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन चालकों ने दुर्घटना की आशंका को देखते हुए सुरक्षित दूरी बनाए रखी और आवाजाही सीमित कर दी। करीब 10 बजे के बाद सूर्य की किरणें निकलने के साथ ही धीरे-धीरे कोहरा छंटना शुरू हुआ, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। कोहरा हटते ही नगर की सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई और सामान्य जनजीवन फिर से पटरी पर लौटता नजर आया। मौसम में आए इस बदलाव को देखते हुए प्रशासन एवं स्थानीय नागरिकों ने लोगों से अपील की है कि ठंड और कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय पूरी सतर्कता बरतें, आवश्यक होने पर लाइट का उपयोग करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

# जयचंद कोशले के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने पेश किया 1000 पेज का चालान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। ईओडब्ल्यू ने कोल लेवी वसूली मामले में आरोपी जयचंद कोशले के खिलाफ लगभग 1,000 पेज का अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) रायपुर में दाखिल किया है। जयचंद कोशले फिलहाल केंद्रीय जेल रायपुर में निरुद्ध है। ईओडब्ल्यू की जांच में जयचंद कोशले इस पूरे अवैध कोल लेवी नेटवर्क की एक अहम कड़ी था। वह न सिर्फ अवैध रूप से वसूली गई रकम को भौतिक रूप से प्राप्त करता था, बल्कि उसे तत्कालीन मुख्यमंत्री सचिवालय की अधिकारी सौम्या चौरसिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी निभाता था। जांच एजेंसी के अनुसार, वह अपराध से अर्जित



धन की रिसीविंग, कस्टडी और ट्रांसफर की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका में रहा।

ईओडब्ल्यू ने जयचंद कोशले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 420, 384, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 7ए और 12 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। जयचंद कोशले उर्फ ह्यजय सौम्या चौरसिया के अधीन कार्यरत था और मुख्यमंत्री सचिवालय में निज सहायक के पद पर पदस्थ रहा। जब्त की गई डायरी में जयह्व नाम से दर्ज प्रविष्टियां इसी आरोपी से संबंधित पाई गई हैं, जो अवैध लेन-देन की पुष्टि करती हैं। ईओडब्ल्यू का दावा है कि आरोपी सौम्या चौरसिया के निर्देश पर सूर्यकांत तिवारी के निवास सहित अन्य स्थानों से नगद राशि प्राप्त करता था और उसे मनीष उपाध्याय या सौम्या चौरसिया द्वारा बताए गए व्यक्तियों तक पहुंचाता था। अवैध कोल लेवी वसूली से उसने करीब 7 से 8 करोड़ रुपये सौम्या चौरसिया के लिए प्राप्त किए।

डिजिटल साक्ष्यों की जांच में भी आरोपी की भूमिका की पुष्टि हुई है। सूर्यकांत तिवारी और अन्य आरोपियों के मोबाइल से जब्त व्हाट्सएप चैट्स और रियल टाइम एंट्री ग्रुप में जयह्व नाम से जुड़ी कई प्रविष्टियां मिली हैं। इसके अलावा, अनिल टुटेजा और सौम्या चौरसिया के बीच हुए चैट्स में भी जयचंद कोशले द्वारा गोपनीय फाइलें और दस्तावेज पहुंचाने के प्रमाण मिले हैं। ईओडब्ल्यू के अनुसार, जयचंद कोशले ने अवैध रूप से अर्जित धन का एक हिस्सा स्वयं के लिए भी उपयोग किया। इस राशि से उसने अपने और अपने परिजनों के नाम पर संपत्तियां खरीदीं। इन संपत्तियों की जांच अभी जारी है।

गौरतलब है कि इस प्रकरण में पहले ही 18 आरोपियों के खिलाफ चालान और पूरक चालान पेश किए जा चुके हैं। अब तक कुल 20 आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र दाखिल किया जा चुका है। मामले में अन्य संभावित आरोपियों की जांच अभी जारी है।

# रायपुर की हवा भी हुई जहरीली, एक्यूआई 300 के पार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। मेट्रो शहरों की तरह राजधानी में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। सोमवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई 300 से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे हवा की गुणवत्ता ह्यबेहद खराब श्रेणी में चली गई। इस स्तर की प्रदूषित हवा से आम जनजीवन के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ने की आशंका है। शहर के कई इलाकों में सुबह के समय धुंध और प्रदूषण की मोटी परत नजर आई। दृश्यता कम रही और हवा में भारीपन महसूस किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड बढ़ने, हवा की गति कम होने और प्रदूषक कणों के वातावरण में जमा होने से प्रदूषण का स्तर अचानक बढ़ा है। इसके पीछे वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल और खुले में कचरा जलाना प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एक्यूआई 300 के पार जाने पर सांस से जुड़ी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बच्चों और बुजुर्गों में आंखों में जलन, खांसी, सांस फूलना और सिरदर्द जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। प्रशासन ने वायु गुणवत्ता पर निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रदूषण के स्त्रोतों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पर्यावरण विशेषज्ञों ने नागरिकों से निजी वाहनों का कम उपयोग करने, कचरा न जलाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की है। यदि मौसम और हालात में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में रायपुर की हवा और अधिक जहरीली हो सकती है।

सम्पादकीय

# आतंक का नया चेहरा बन रहा बड़ी चुनौती

आजकल देखने में आ रहा है कि आतंकवादी भीड़ भरे स्थानों पर हमला कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। दहशतगर्दों की ऐसी वारदातों से सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम देश प्रभावित हैं। इस बार हमला ऑस्ट्रेलिया में हुआ है, जहां आतंकियों ने सिडनी शहर में यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। इस बड़े आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। आतंकियों ने बॉन्डी बीच पर आयोजित हनुक्का धार्मिक उत्सव के दौरान अचानक भारी गोलीबारी कर 12 लोगों की हत्या कर दी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। यह हमला उस समय हुआ, जब समुद्र तट पर 'हनुक्का बाय द सी' नामक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई और लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि सुरक्षाबलों ने एक हमलावर को भी मौके पर मार गिराया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि इस हमले को दो युवाओं ने ही अंजाम दिया है। इससे पहले दिल्ली में लाल किले के पास हुआ हमला भी भीड़ भरे इलाके में ही हुआ था और हमलावर युवा ही थे। हमले की साजिश में अल-फलाह यूनिवर्सिटी के सफेद कॉलर यानी डॉक्टर और इंजीनियर भी शामिल थे। आतंक का यह नया चेहरा अब पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर कड़े कदम उठाने होंगे। भारत हमेशा से ही आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। देश में सीमापार आतंक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन अब आतंक का यह बदलता स्वरूप कब, कहां और किसको निशाना बना देगा, इसका कुछ पता नहीं चलता। कई बार तो ऐसी जगहों पर खुफिया एजेंसियां भी नाकाम साबित हो जाती हैं। वहीं, खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अब आतंकी हमलों में सुसाइड बॉम्बर, लॉजिस्टिक सपोर्ट, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसी भूमिकाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ ऑनलाइन एप भी आतंकियों के मददगार साबित हो रहे हैं। दिल्ली धमाके ने आतंक के इस नए पैटर्न को उजागर किया है। जांच में सामने आया है कि डॉक्टरों सहित कुछ उच्च-शिक्षित पेशेवर भी 10 नवंबर को हुए इस हमले की साजिश में शामिल थे, जिसमें कई लोग मारे गए और कई घायल हुए। यही कारण है कि सुरक्षाबलों के लिए इस व्हाइट-कॉलर टेरर इकोसिस्टम को ध्वस्त करना अब सबसे बड़ी प्राथमिकता बन चुका है। आतंक के खिलाफ कार्रवाई केवल सरकारों और सुरक्षाबलों की ही नहीं है, बल्कि आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। आमजन को हमेशा जागरूक रहना होगा और आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि मिलने पर उसकी जानकारी अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन को देनी होगी। वहीं, कई बार देखने में आता है कि आतंकी आपके आसपास ही पनाह लिए मिलता है। ऐसे में किसी को अपने मकान या घर में किराए पर रखते हैं तो उसकी पूरी जानकारी लें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते किसी बड़ी वारदात से बचा जा सके। ऐसे कुछ कदम उठाकर ही हम आतंकवाद के इस बदलते स्वरूप से निपट सकेंगे। इस बड़ी चुनौती से निपटने के लिए नए तरीकों को अपनाना होगा। हमें आतंकवाद के मूल कारणों को समझना होगा और उन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा, तभी इस नासूर बन चुके आतंकवाद से मुक्ति मिल सकेगी।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्राहकों को मिले ब्याज दर कटौती का लाभ

**आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। उम्मीद करें कि इस अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।**

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बैंकों के मुख्य कार्याधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में जहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे कुछ बैंकों ने ग्राहकों को ब्याज दर में कमी करके लाभांवित करना शुरू कर दिया है, वहीं अन्य बैंकों के करोड़ों उपभोक्ता ब्याज दर में कमी किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक दिसंबर महीने में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने और नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाने जा रहा है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर घटाए जाने का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है।

वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025 -26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है। इन दिनों भारत के विकास पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों



में कहा जा रहा है कि यद्यपि टैक्स व महंगाई घटने से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और भारत की क्रेडिट रेटिंग सुधर रही है, लेकिन तेज विकास के मद्देनजर कर्ज सस्ता किए जाने की जरूरत लगातार बनी हुई है। 24 नवंबर को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह इकोनमी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा, 'जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है।' उल्लेखनीय है कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है, लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए आसान ब्याज दरों पर कर्ज जुटाकर निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत बताई गई है। निश्चित रूप से अब ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश है। इस समय जब भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहेगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देंगें। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल स्टेट उद्योग की बढ़ी हुई मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। उम्मीद करें आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा के द्वारा 9 दिसंबर को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उच्च बैंक अधिकारियों से ब्याज दर घटाने का जो आग्रह किया गया है, उसका परिपालन किया जाएगा और घटी हुई ब्याज दर से सभी वर्ग के बैंक ग्राहक लाभांवित होंगे। उम्मीद करें कि हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में महंगाई में कमी व बाजार की जरूरत के लिए मौद्रिक नीति को उदार बनाने और ब्याज दर में कटौती किए जाने के अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

निगम चुनाव
उमेश चतुर्वेदी




# बेहतर प्रदर्शन से विस

# चुनावों में खुलेगी राह

केंद्रीय सत्ता पर ग्यारह वर्षों से लगातार काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण भारत के चार राज्य प्रश्न प्रदेश रहे हैं। कर्नाटक में उसकी सत्ता आती-जाती रही है। आंध्र प्रदेश में अकेले दम उसके सांसद और विधायक जीतते भी रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाद्रमुक के साथ दो बार चार सांसद लोकसभा पहुंचाने में भी कामयाब रहे, लेकिन उसके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण केरल रहा है। लगता है कि अब दक्षिण के इस दुर्ग में भी अहम सेंध लगाने में राष्ट्रवादी पार्टी कामयाब हो चुकी है। वामपंथ के गढ़ राज्य की राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर कब्जे के साथ भाजपा ने न सिर्फ इतिहास रच दिया है, बल्कि खुद की उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं। केरल की 54 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है, करीब 19 प्रतिशत ईसाई हैं, जबकि बाकि आबादी मुसलमान है। जनसांख्यिकी आंकड़ों के लिहाज से केरल भारतीय जनता पार्टी के लिए मुफीद भूमि रहा है। यहां भारतीय जनता पार्टी अब तक बड़ी करामात नहीं दिखा पाई है। बेशक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यहां काफी सक्रिय है। फिर भी यहां की राजनीति दो ध्रुवीय रही है। एक तरह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीएम की अगुआई वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की अगुआई वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा। भाजपा यहां तीसरा कोण बनाने की कोशिश अरसे से करती रही है, लेकिन उसे पहली बार सफलता साल 2016 के विधानसभा चुनावों में मिली। तब पार्टी के वरिष्ठ नेता ओ राजगोपाल तिरुअनंतपुरम् सीट से चुने गए। तब पार्टी को करीब दस फीसद वोट मिला, लेकिन अगले यानी 2021 के चुनावों में पार्टी को मायूसी हाथ लगी। हालांकि वोट बढ़कर करीब बारह फीसद हो गए। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की उम्मीद जगी, जब लोकप्रिय मलयाली अभिनेता सुरेश गोपी त्रिशूर सीट से पार्टी के टिकट पर विजयी हुए। गोपी इन दिनों केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बेशक पार्टी को केरल में लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली, लेकिन पार्टी की वोट हिस्सेदारी बढ़कर 16 हो गई। लोकतांत्रिक राजनीति में सोलह प्रतिशत वोट मामूली बात नहीं होती। कह सकते हैं कि इसके बाद ही पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ना शुरू हुआ। राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। पैंतालिस सालों से इस निगम पर जिस वाम मोर्चे का कब्जा रहा, उसे महज 29 सीटें मिलीं हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को 19 सीटें मिली हैं। बाकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। केरल की राजनीति की जिसे समझ है, उन्हें पता है कि यहां वाम मोर्चा और कांग्रेस साथ नहीं आ सकते। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन से बीजेपी का मेयर चुना जाना तकरीबन तय है। पार्टी ने कोझिकोड और कन्नूर जैसे वामपंथी गढ़ों में भी सेंध लगाने में कामयाब हुई है। यहां पार्टी ने क्रमशः 13 और 4 सीटें जीतीं हैं। पिछली बार पलक्कड़ नगर पालिका पर उसका कब्जा हुआ था और उस पर उसने अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। साथ ही उसने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका को भी वाम मोर्चे से छीन लिया है। हालांकि पिछली बार जीती पंडालम नगर पालिका को वाम मोर्चा ने उससे छीन लिया है। बीजेपी को इस बार कुल पंद्रह फीसद से ज्यादा मत मिले हैं, जबकि उसके साथी दलों का मत प्रतिशत मिला दिया जाए तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बीस फीसद वोट हासिल हुआ है। राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने पार्टी को भारी जीत भले ही न दिलाई हो, लेकिन उत्साहजनक जरूर हैं। ये नतीजे पार्टी के लिए आने वाले दिनों की सफलताओं की बुनियाद हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस समर्थकों की ओर से तिरुअनंतपुरम् की जीत के लिए बीजेपी की बजाय कांग्रेस के नाराज चल रहे सांसद शशि थरूर को श्रेय दिया जा रहा है। अगले विधानसभा चुनावों में केरल में भाजपा भले ही बड़ी जीत ना हासिल कर सके, लेकिन वह महत्वपूर्ण उपस्थिति जरूर दर्ज कराएगी। इसका संकेत केरल के लोगों ने स्थानीय निकाय चुनावों में दे दिया है। बीजेपी इस बीच अगर नामदार चेहरे को अपने पाले में खींचने में कामयाब रहती है तो हो सकता है कि नतीजे और भी ज्यादा चौंकाऊ हों। निकाय चुनावों में चौंकाऊ कामयाबी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा दिया है। विधानसभा चुनावों में नतीजे कैसे होंगे, यह तब देखने की बात होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

हाल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं। – *अरूण दुबे,जगदलपुर*

## ट्रेंड

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व



मैं उन सभी मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने जनता के बीच काम किया और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार परिणाम सुनिश्चित किया। हमारे कार्यकर्ता हमारी शक्ति हैं और हमें उन पर गर्व है!

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बस्तर बदल रहा



बस्तर बदल रहा है! जो बस्तर आए दिन वामपंथी उग्रवाद की हिंसा, हत्या और की घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहता था, वहाँ के युवा आज हथियार त्यागकर मुख्यधारा में लौट रहे हैं और अपनी प्रतिभा का हर क्षेत्र में लोहा मनवा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक-2025 इस बदलाव का साक्षी है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई



दिल्ली सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस लड़ाई में संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन काम में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। एमसीडी को 70 एमआरएस मशीनें दी गई हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### आरएसएस की विचारधारा



आरएसएस की विचारधारा हमारे देश को नहीं बचा सकती, उल्टा ये इस देश को खत्म कर देंगे। बीजेपी-आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करने की कोशिश में लगे हुए हैं। बीजेपी-आरएसएस के लोग फिर से गरीबों को गुलाम बनाना चाहते हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**



## करंट अफेयर

# हांगकांग में हुई लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी भंग

हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी ने 30 से अधिक वर्षों की सक्रियता के बाद रविवार को भंग होने के लिए मतदान किया, जो चीनी अर्ध-स्वायत्त शहर के कभी विविध राजनीतिक परिदृश्य के एक युग के अंत का प्रतीक है। 'डेमोक्रेटिक पार्टी' के अध्यक्ष लो किन-हई ने कहा कि पार्टी को भंग करने के पक्ष में करीब 97 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया और यही पार्टी सदस्यों के लिए आगे बढ़ने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने कहा, "समय बदल गया है और अब हमें गहरे अफसोस के साथ इस अध्याय को समाप्त करना पड़ रहा है। लो ने पहले कहा था कि पार्टी को भंग करने की दिशा में बढ़ने का फैसला मौजूदा राजनीतिक स्थिति और सामाजिक परिवेश को देखते हुए लिया गया है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि कुछ सदस्यों को चेतावनी दी गई थी कि अगर पार्टी को खत्म नहीं किया गया तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पार्टी का यह अंत उन घटती स्वतंत्रताओं को दर्शाता है, जिनका वादा 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश के चीन के शासन में लौटने के समय किया गया था। चीन ने एक साल पहले हुए सरकार-विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बाद जून 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था।



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



# अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही सरकार

## हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्यः मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक फरियादी से मिले, समस्याएं सुनीं। सभी का प्रार्थना पत्र लिया और अधिकारियों को सख्त व उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री से धान खरीद केंद्र की लापरवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो, शासन-प्रशासन के अधिकारी इसका ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के डीएम को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। किसी भी केंद्र पर धान ले जाने वाले किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

प्रयागराज से भी कुछ फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री संबंधित मामले में प्रयागराज के जिला व पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का निस्तारण कराएं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्य है। सरकार पहले दिन से ही लोगों की सेवा, सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। साढ़े 8 वर्ष में जनता की समस्या सुनने और उसके निराकरण के लिए सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। सीएम ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का उचित निस्तारण कराएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी से नाम पूछा, चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ने करने को कहा। सीएम ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

# टिश्यू कल्चर व तकनीक के इस्तेमाल से बढ़ रही किसानों की समृद्धि

- **बाजार में उन्नत बीज व तकनीक की उपलब्धता से बढ़ी किसानों की पहुंच**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खेती अब परंपरागत ढर्रे से निकलकर आधुनिक, तकनीक आधारित और लाभकारी मॉडल की ओर तेजी से बढ़ रही है। फसल पुनर्चक्रण, टिश्यू कल्चर तथा सहकारिता आधारित खेती प्रदेश में प्रचलित है, जिसे सरकारी प्रोत्साहन मिलने से किसानों की आय बढ़ी है। वह न केवल खेती को एक व्यवस्थित उद्यम के रूप में स्थापित कर रहे हैं बल्कि उनकी उन्नत फसलें नए बाजारों में भी अपनी पैठ बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू की गई किसान हितैषी नीतियों ने इस बदलाव को मजबूत आधार दिया है, जिसका परिणाम है कि आज प्रदेश के गांवों में उन्नत खेती समृद्धि का नया रास्ता बनती नजर आ रही है।

प्रदेश के प्रगतिशील किसानों के लिए बाराबंकी के पद्मश्री रामसरन वर्मा रोलमॉडल हैं। पिछले 32 वर्षों से वह प्रगतिशील खेती कर रहे हैं। उनका मानना है कि खेती में नवाचार, टिश्यू कल्चर तथा फसल पुनर्चक्रण जैसी विधाओं को अपनाए बिना लघु व सीमांत किसानों की आय बढ़ाना कठिन है। रामसरन वर्मा कहते हैं कि खेती को अगर वैज्ञानिक तरीके से किया जाए और अलग-अलग फसलों का संतुलित चक्र अपनाया जाए, तो जोखिम कम होता है और आमदनी के कई स्रोत बनते हैं। उनके अनुभव के अनुसार, सहकारिता और बटाई मॉडल ने छोटे किसानों को भी बड़े स्तर पर खेती से जोड़ने का अवसर दिया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिली है। उत्तर प्रदेश में अब कई किसान एकल फसल की बजाय विविध फसलों के चक्र पर आधारित खेती को प्राथमिकता दे रहे हैं। केला, टमाटर, आलू, मेंथा, तरबूज, खरबूजा और गेहूं जैसी फसलों का संतुलित चक्र अपनाने से उत्पादन बढ़ा है और भूमि की उर्वरता भी बनी हुई है। प्रदेश विभिन्न प्रकार की फसलों को मिले सरकारी प्रोत्साहन से किसानों को बेहतर उत्पादन और बाजार मिला है। साथ ही, किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई व आधुनिक तकनीक आधारित संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ड्रोन व एआई के जरिए फसलों का निरीक्षण व त्वरित समाधान किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# यूपी में होटल श्रृंखला विस्तार करेगा टाटा संस टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम को दिया प्रस्ताव

## 30 होटल का चल रहा काम, 30 और बनाने की तैयारी

विशेष संवाददाता

- **2027 तक पूरा होगा अयोध्या में 'म्यूजियम ऑफ टेम्पल' का पहला चरण**
- **मथुरा-वृंदावन में विभिन्न प्राचीन कुंडों के जीर्णोद्धार में भी सहयोग करेगा टाटा समूह**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक एवं घरेलू पर्यटन के तीव्र विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बड़े निवेश की मजबूत तस्वीर उभर रही है। इसी क्रम में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में समूह की संचालित एवं प्रस्तावित होटल श्रृंखला के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह विस्तार प्रदेश में लगातार बढ़ते पर्यटक आगमन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि तथा कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किया गया है।

बैठक के दौरान टाटा संस के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि ताज, सिलेक्शन्स और विवांता जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के 30 होटलों का निर्माण कार्य प्रदेश में वर्तमान में प्रगति पर है। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को इन परियोजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में 1900 लक्जरी होटल रूम्स बढ़ जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 2026 तक 30 नए होटल निर्माण की योजना पर भी कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री से हुई बैठक में एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि नोएडा में टाटा समूह का एक स्टेट ऑफ आर्ट सिग्नेचर होटल भी प्रस्तावित है। जिससे उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेज गति से विकास करने वाले हॉस्पिटैलिटी मार्केट के रूप में उभर कर आएगा। इसके अतिरिक्त, टाटा समूह के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित म्यूज़ियम ऑफ टेम्पल परियोजना के निर्माण कार्य के पहले चरण को जनवरी 2027 तक पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। इस संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक आधारित डिस्प्ले विकसित किए जा रहे हैं, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक विशिष्ट आकर्षण केंद्र होंगे। यह भी तय हुआ कि मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में मानसी गंगा कुंड, श्याम कुंड, राधा कुंड, अष्टकाशी कुंड, नारी सेमरी कुंड, गरुड़ गोविंद कुंड, कृष्ण कुंड सहित आठ प्रमुख कुंडों के जीर्णोद्धार तथा प्रदेश के प्रमुख गंगा घाटों की स्वच्छता एवं संरक्षण के कार्यों में भी टाटा समूह द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। टाटा समूह की यह सहभागिता उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम सिद्ध होगी।

# देश में बिजली की कोई कमी नहीं

## डेटा सेंटर का पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है भारत : पीयूष गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पर्याप्त बिजली उपलब्धता और 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड क्षमता के चलते भारत डेटा सेंटर के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

गोयल ने ऊर्जा क्षेत्र पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में बिजली की कोई कमी नहीं है और बढ़ती मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि भारत की 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड दुनिया की सबसे बड़ी ग्रिडों में से एक है। गोयल ने कहा कि यूरोप के पास राष्ट्रीय ग्रिड नहीं है। और अमेरिका के पास भी राष्ट्रीय ग्रिड नहीं है। लेकिन भारत के पास राष्ट्रीय ग्रिड है। इसी कारण भारत डेटा सेंटर के लिए पसंदीदा गंतव्य है। आने वाले वर्षों में डेटा सेंटर और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के विस्तार की योजनाओं के बीच यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों, किसानों, उद्योग और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की बिजली जरूरतें पूरी हों। गोयल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) सहित कई वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भारत में बड़ा निवेश करने में रुचि दिखाई है। अक्टूबर में गूगल ने आंध्र प्रदेश में कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना के विकास के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। इस परियोजना के तहत गूगल अदाणी समूह के साथ मिलकर गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर स्थापित करेगी जिससे राज्य में 5,0006,000 प्रत्यक्ष और 20,00030,000 कुल रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह, एडब्ल्यूएस ने भी तेलंगाना में अगले 14 वर्षों के भीतर डेटा सेंटर के विस्तार के लिए सात अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में एआई-केंद्रित भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे और स्वायत्त क्षमताओं के निर्माण में 17.5 अरब डॉलर के निवेश की योजना का ऐलान किया था। गोयल ने कोयला-आधारित ताप विद्युत क्षमता बढ़ाने की योजना पर कहा कि यह कदम देशवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक विकासशील देश है और उसे ऊर्जा बदलाव के लिए कम समय तथा कम लागत वाली ऊर्जा की जरूरत है। कोयला उत्पादन बढ़ाने से आयात पर निर्भरता और कम होगी। मंत्री ने यह भी बताया कि कोयले से सिंथेटिक गैस जैसे विकल्पों पर भी काम किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि 2035 तक ताप विद्युत की अनुमानित जरूरत बढ़कर 307 गीगावाट हो सकती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि बिजली उत्पादन कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है और चार साल पहले 1.4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में रही कंपनियों पर अब सिर्फ 6,500 करोड़ रुपये का कर्ज बचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत का ऊर्जा क्षेत्र पैमाने, गति और स्थिरता के संतुलन का वैश्विक उदाहरण बनेगा। इस बीच, बिजली राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि देश में डेटा सेंटरों की मौजूदा बिजली आवश्यकता लगभग एक गीगावाट है, जो वित्त वर्ष 2031-32 तक बढ़कर 13.56 गीगावाट तक पहुंच जाने का अनुमान है।

# मोदी को धमकी देने के मामले में माफी मांगें राहुल, खरगेः रिजीजू



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कथित रूप से दी गई धमकी के लिए माफी मांगनी चाहिए। रीजीजू ने यहां आनन-फानन में बुलाए गए एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को हुई कांग्रेस की रैली के दौरान पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की कब्र खोदने की धमकी दी। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र में घटित हुई सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री को धमकी दिए जाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की सार्वजनिक तौर पर धमकी दी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता एवं नेता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं।

हम अलग-अलग विचारधाराओं का प्रचार करते हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुरूप विकसित भारत के लिए मिलकर काम करते हैं। रीजीजू ने कहा कि राजनीतिक मतभेद अलग विषय हैं और उनके बावजूद नेता सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और वे विभिन्न तरीकों से एक-दूसरे की आलोचना भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग तरीकों से एक-दूसरे का विरोध करते हैं। हम एक-दूसरे को जान से मारने के बारे में कभी नहीं सोचते और न ही ऐसी बात करते हैं। यह कैसी मानसिकता है? यह कैसी प्रवृत्ति है कि कुछ लोग राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को जान से मारने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं? रीजीजू ने कहा कि मोदी 140 करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री हैं। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करती है, पूरा भारत प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करता है लेकिन यदि विपक्ष में कुछ लोग प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी देते हैं तो यह अत्यंत दुर्भाज्ञपूर्ण और दुखद है।

# बृहन्मुंबई उत्तर विभाग के एम पूर्व वॉर्ड का तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी आज से

मुंबईः विद्यालय स्तर पर छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की ओर रुचि बढ़ाने के लिए शिक्षण निरीक्षक बृहन्मुंबई उत्तर विभाग एम पूर्व वार्ड और को सह शालेय कमेटी की ओर से 15 दिसंबर से 17 दिसंबर, 2025 तक आइडियल हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज ट्रॉम्बे मानखुर्द में आयोजित किया गया है। बता दें कि विकसित और आत्म निर्भर भारत के लिए मुंबई में रळएट इस विषय पर वॉर्ड स्तरीय स्कूल साइंस एग्ज़िबिशन का आयोजन किया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे विधायक सना मलिक, एजुकेशन इंस्पेक्टर बृहन्मुंबई नॉर्थ डिवीजन के मुश्ताक शेख की मौजूदगी संपन्न होगा।

# राजकोट में दर्दनाक हादसाः गौशाला में जहरीला चारा खाने से 70 से ज्यादा गायों की मौत

राजकोटः राजकोट में शुक्रवार को एक गौशाला में संदिग्ध परिस्थितियों में 70 से ज्यादा गायों की मौत हो गई। ये मौतें मूंगफली के पौधों से बना चारा खाने के बाद हुई। राजकोट के ज़िला कलेक्टर ओम प्रकाश और पशु चिकित्सालय की एक टीम मौत का कारण पता लगाने के लिए मौके पर पहुंची। डीसी ने बताया, गुरुवार को गौशाला में दान किए गए मूंगफली के पौधों से बने चारे को खाने के बाद गायों की मौत हो सकती है। उन्होंने कहा, ₹गुरुवार को कुछ दानदाताओं ने इस गौशाला में मूंगफली के पौधों से बना चारा दान किया था। इसके बाद, चिंता है कि जिन जानवरों ने इसे खाया, वे प्रभावित हुए हैं। डॉक्टरों की एक टीम, पैरामेडिक्स और गांव के प्रशासन के साथ मौके पर मौजूद है और प्रभावित जानवरों का इलाज करने की पूरी कोशिश कर रही है। पिछले 2 दिनों से, 7-8 डॉक्टरों, पैरामेडिक स्टाफ और स्वयंसेवकों की एक टीम, गांव के सरपंच के साथ, यहां मौजूद है। वे अपनी पूरी क्षमता से गायों का इलाज करने की कोशिश कर रहे हैं।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 20251202070015**
**विषयः- अ-6अ**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**
**हर्राटिकरा प.ह.न. 00024 [250/5(0.1740 हे0)]**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार समर विजय सिंह तोमर, अनावेदक पक्षकार -छ0ग0शासन,**
**ईश्तहार**

आवेदक समर विजय सिंह तोमर आ० रण विजय सिंह तोमर, निवासी पुराना पोस्ट आफिस रोड, दरीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम हर्राटिकरा स्थित खसरा नंबर 250/5 रकबा 0.523 हे० भूमि पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 10/05/2019 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त विक्रयपद्ध में आवेदक के पिता का नाम त्रुटिवश रण विजय सिंह तोमर के स्थान पर रम विजय सिंह तोमर अंकित हो गया है. जिसके सुधार हेतु सुधार पत्र उपपंजीयक कर्यालय अम्बिकापुर में निष्पादित कराया गया है। आवेदक द्वारा निष्पादित सुधार पत्र के आधार पर अपने पिता का नाम रम विजय सिंह तोमर के स्थान पर रण विजय सिंह तोमर सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/12/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/12/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला कमांकः 20251202070649/**
**विषयः-अ-6**
**मामले की श्रेणी राजस्व**
**सनः-2025-2026**

फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [334/181(0.016080) 1 पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार राघवेन्द्र प्रताप सिंह

अनावेदक पक्षकार सावित्री दर्शना, विमला रामकुमार मुकेश नरेश निलेश रमेश राधेश्याम हरिओम कृष्ण कुमार, सुरेश प्रेमचन्द आनन्द सतपाल अमरो सुलोचना, शकुन्तला, दिनेश विकाश अनीता मीना, सरिता, सीमा, गोपाल, राजेश सरोजनी सरला, पुष्पा, सरिता,

ईश्तहार

आवेदक राघवेन्द्र प्रताप सिंह आ 0 हरिहर प्रताप सिंह निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0 ग के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित भूमि खसरा नंबर 323/334/1 मेसे रकबा 0.016 हे भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 08/02/1999 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 29/12/2025 के पूर्व में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर चाता आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**
**ईशतहार**
**रा0प्र0क्र0-/.अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित अग्रवाल आ० सुरेन्द्र अग्रवाल, उम्र 34 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी बिलासपुर चौक अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के द्वारा अनावेदक अभिषेक कुमार गोयल आ० सुरेश कुमार गोयल, उम्र 35 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी नवापारा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के स्वामित्व व आधिपत्य की शीट नं. 10. मोहल्ला अस्पताल रोड़ नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं. 4173/1 में से रकबा 0.06 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 02.12.2025 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर उक्त नजूल भूमि के नजूल अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदक द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-05/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/12/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा (छ.ग.)**
**रा0प्र0क्र0 /-अ/27/2025-26**
**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय दास आ. स्व. भकचन्द दास, जाति पनिका, निवासी ग्राम कोटेया, तहसील दरिमा, जिला महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कोटेया में स्थित भूमि खसरा नंबर 1279/1, 1324, 1325, 1326, 1327 एवं 1328 रकबा क्रमशः 0.0830, 0.0160, 0.0240, 0.0200, 0.0610 एवं 0.0610 हे0 कुल प्लाट 6 कुल रकबा 0.2650 हे. आवेदक संजय दास एवं अनावेदकगण 1. विनोद कुमार पिता भकचन्द 2. सेनो देवी बेवा चकचन्द के नाम पर संयुक्त भूमिस्वामी हक में दर्ज होकर स्थित है। उक्त भूमि को भूमिस्वामीगण के मध्य अंश के आधार पर खाता विभाजन करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 19/12/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार दरिमा
सरगुजा (छ०ग०)

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा (छ.ग.)**
**रा0प्र0क्र0 अ/27 /2025-26**
**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय दास आ. स्व. भकचन्द दास, जाति पनिका, निवासी ग्राम कोटेया, तहसील दरिमा, जिला महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम छिन्दकालो, में स्थित भूमि खसरा नंबर 19/1, 114, 128/1, 128/3, 129, 210/3, 640/1, 1011, 1012, 1073/2 रकबा क्रमशः 0.1950, 0.1780, 0.1630, 0.1580, 0.0400, 0.4040, 0.3240, 0.0810, 0.0080 एवं 0.1830 हे. कुल प्लॉट 10 कुल रकबा 1.7340 हे. भूमि आवेदक संजय दास एवं अनावेदकगण 1. विनोद कुमार दास 2. सेनो देवी 3. जगमती के नाम पर संयुक्त भूमिस्वामी हक में दर्ज होकर स्थित है। उक्त भूमि को भूमिस्वामीगण के मध्य अंश के आधार पर खाता विभाजन करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 19/12/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार दरिमा
सरगुजा (छ०ग०)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**
**रा0प्र0क्र0 202411020700076 /अ/-27/2024-25**
**फर्द बटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा०प्र०क्र० 202411020700076/अ-27/2024-25 पक्षकार लक्ष्मण यादव प्रति हीरालाल यादव में ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 192/74 रकबा 0.040 हे. भूमि का फर्द बंटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ है, जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/12/2025 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया

तहसीलदार
अम्बिकापुर,

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**
**ईश्तहार**
**रा0प्र0क्र0../अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता राजवाड़े पत्नी मानिकचंद राजवाड़े जाति रजवार निवासी मेन्ड्राखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 130/48 रकबा 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 31/12/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा), (अम्बिकापुर)

**न्यायलय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0**
**: ईश्तहार :**

एत्तद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष केवट आ० नन्द लाल केवट निवासी मानी थाना तहसील ने कराया है कि आवेदक के अपने पत्नी स्व. संगीता पति संतोष केवट की दिनांक 01/01/2023 को स्थान डॉ फिरदौसी हस्पीटल में हुई है आवेदक के मृत्यू उपरांत मृत्यू का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर,

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा0प्र0क्र0/ /अ-20(3)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जगदीश राम आ० धन्ना राम उम्र लगभग 73 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी गुदरी बाजार अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला स्कूल रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-03 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 1177/7 रकबा 0.13.3/4 मे से रकबा 0.04,1/2 एकड़ भूमि को अपने भाई अनावेदक सुरेश कुमार अग्रवाल आ० धन्ना राम अग्रवाल उम्र लगभग 67 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी गुरूद्वारा वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पक्ष में दान करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-07/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-09/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार लुण्ड्रा जिला-सरगुजा (छ0ग0) राजस्व प्र0क्र0//अ-6/2024-25**
**ईश्तहार**

आवेदक एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनीष कुमार सिंह आ० स्व० तीरथ राज सिंह उम्र लगभग 51 वर्ष जाति कवंर व अन्य 03 के द्वारा माननीय अनुविभागीय अधिकारी रा० धौरपुर के रा.प्र.क. 100/अ-6/1997-98 आदेश दिनांक 29/01/1999 के अनुसार अनुसार ग्राम झेराडीह स्थित भूमि 1269/1 ,1893 1271 रकबा 0.486, 0.134. 0.170 है भूमि को अपने नाम से दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त कार्यवाही से किसी को कोई आयोप हो तो वह अपना आक्षेप स्वंम या अपने अभिनाषक के माध्यम दिनांक 30/12/2025 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्याय मायकल है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं नसार कार्यवाही कर दी जावेगी। आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया

नायब तहसीलदार
लुण्ड्रा जिला- सरगुजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार लुण्ड्रा जिला- सरगुजा (छ0ग0)**
**राजस्व प्र0क्र0/अ-27/2024-25**
**ईश्तहार**

एत्तद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार सिंह आ० स्व० तीरथ राज सिंह जाति कवंर निवासी ग्राम झेराडीह तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा छ.ग. एवं अन्य 2 के द्वारा ग्राम झेराडीह स्थित भूमि खसरा नम्बर 88 एवं कुल खसरा नम्बर 32 योग रकबा 15.324 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य 1/2 अंश में खाता विभाजन हेतु संहिता की धारा 178 के तहत आवेदन पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है ।उक्त कार्यवाही से किसी को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप स्वंम या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 30/12/2025 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नही किया जायेगा एन तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
लुण्ड्रा जिला- सरगुजा

# ऋणमुक्त नवा रायपुर से टेक-हब तक : मंत्री ओपी चौधरी ने गिनाई आवास एवं पर्यावरण विभाग की बड़ी उपलब्धियाँ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर।प्रदेश के आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ संवाद ऑडिटोरियम में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आवास एवं पर्यावरण विभाग ने विगत दो वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।लोगों को किफायती आवास की उपलब्धता, बेहतर रहवासी सुविधा, आजीविका के साधनों के विकास के साथ ही पर्यावरण अनुकूल ईज आफ लिविंग का ध्यान रखते हुए इन दो सालों में काम किया गया है।विभाग द्वारा किये गये दो सालों से नागरिक जीवन बेहतर हुआ है और राज्य की उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव रख दी गई है।

मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि दो साल पहले छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा था। 3200 से अधिक आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों का विक्रय नहीं हो सका था।735 करोड रूपए का बकाया था। मंडल को ऋण मुक्त करने के लिए यह राशि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई। वर्तमान में मंडल पर कोई ऋण नहीं है। जिन संपत्तियों का विक्रय लंबे समय से नहीं हुआ था, उनके विक्रय के लिए सरकार द्वारा एकमुश्त निपटान योजना ओटीएस-2 आरंभ की गई।इसके माध्यम से इन संपत्तियों पर 30 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध करायी गई।इस योजना को सफलता मिली और 9 महीनों में ही 1251 संपत्तियों का विक्रय हुआ और इस योजना के माध्यम से 190 करोड रुपए का राजस्व अर्जित किया गया।यह राशि आगामी परियोजनाओं में व्यय की जाएगी, ताकि अधिकतम हितग्राहियों को किफायती आवास एवं व्यावसायिक संपत्ति का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि भविष्य में अविक्रित स्टॉक से बचने के लिए नई निर्माण नीति लागू की गई है। अब मांग आधारित निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी।बाजार की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार परियोजनाएं शुरू होंगी।इससे वित्तीय जोखिम कम होगा।

नई नीति के अनुसार 60 प्रतिशत या प्रथम 3 माह में 30 प्रतिशत पंजीयन अनिवार्य किया गया है।इसके पश्चात ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। यह व्यवस्था परियोजनाओं की व्यवहार्यता सुनिश्चित करेगी।नागरिकों की मांग को प्रत्यक्ष रूप से महत्व मिलेगा।श्री चौधरी ने कहा कि आवंटियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पोर्टल को और सुदृढ किया गया है। प्रक्रियाएं सरल और समयबद्ध हुई हैं।नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एआई आधारित चैटबॉट के माध्यम से 247 जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता कम हुई है। पारदर्शिता और सुविधा दोनों में वृद्धि हुई है। मंत्री श्री चौधरी ने रायपुर विकास प्राधिकरण की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 193 करोड रूपए की लागत से प्राधिकरण द्वारा पीएम यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है।इसके साथ ही टिकरापारा में 168 फ्लैट का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके लिए निविदा आमंत्रित की गई है। जनवरी से प्राधिकरण द्वारा ऑनलाईन प्रणाली की शुरूआत की गई है।

उन्होंने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर के विकास के लिए बीते 2 सालों में ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं।नवा रायपुर अटल नगर देश का पहला ऋण मुक्त ग्रीनफील्ड शहर बना है। यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय मानी जा रही है।प्राधिकरण द्वारा 1,345 करोड़ के संपूर्ण ऋण का भुगतान किया गया। यह ऋण पूर्ववर्ती विकास परियोजनाओं से संबंधित था। अनुशासित वित्तीय प्रबंधन से यह संभव हो सका। किसी नए ऋण का बोझ नहीं डाला गया। ऋण चुकता होने के साथ 5,030 करोड मूल्य की भूमि और संपत्ति गिरवी-मुक्त हुई।अब ये परिसंपत्तियां पूरी तरह स्वतंत्र हैं।इससे निवेश और विकास प्रस्तावों को गति मिलेगी। नवा रायपुर में औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधि बढ़ाने के लिए भी उल्लेखनीय पहल की गई है।132 एकड क्षेत्र में टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है। टेक्सटाइल पार्क में लगभग 2,000 करोड के निवेश का अनुमान है। यह निवेश राज्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा। एमएसएमई और बड़े उद्योगों को अवसर मिलेंगे। निर्यात क्षमता में वृद्धि होगी। इस परियोजना से 12,000 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार दोनों शामिल होंगे।स्थानीय युवाओं को अवसर मिलेंगे तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।



सेमीकंडक्टर और आईटी क्षेत्र में 1,800 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। यह पहल उन्नत 5जी और 6 जी तकनीक को ध्यान में रखकर की गई है।इससे राज्य को तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। डिजिटल इकोसिस्टम मजबूत होगा। आईटी क्षेत्र से लगभग 10,000 नए रोजगार सृजित होने की संभावना है।उच्च कौशल आधारित रोजगार उपलब्ध होंगे। स्टार्टअप और तकनीकी कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा।श्री चौधरी ने कहा कि नवा रायपुर टेक-हब के रूप में उभरेगा।नवा रायपुर को कॉन्फ्रेंस कैपिटल के रूप में विकसित किया जा रहा है।राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों को आकर्षित करने की योजना है। एमआईसीई टूरिज्म को बढावा मिलेगा। सेवा और पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिलेगी।श्री चौधरी ने बताया कि शहर को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और खुले स्थल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इवेंट आधारित अर्थव्यवस्था को बढावा मिलेगा। स्थानीय सेवाओं में रोजगार बढ़ेगा। 400 करोड की लागत से इनलैंड मरीना परियोजना विकसित की जा रही है।यह पर्यटन और शहरी सौंदर्य दोनों को बढ़ाएगी।मनोरंजन के नए अवसर सृजित होंगे।ग्रीन और ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़ा गया है।

120 करोड की लागत से आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर विकसित किया जाएगा। यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। वेलनेस टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा।शहर की सामाजिक पहचान मजबूत होगी। 230 करोड की लागत से साइंस सिटी विकसित की जा रही है। इससे शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।छात्रों और युवाओं को विज्ञान से जोड़ने का उद्देश्य है। भविष्य उन्मुख सोच को प्रोत्साहन मिलेगा। नवा रायपुर को मेडिकल हब बनाने के उद्देश्य से मेडी सिटी विकसित की जा रही है। यहां उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं पर दबाव कम होगा। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।मेडी सिटी में 300 बिस्तरों वाला हॉस्पिटलबॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट द्वारा विकसित किया जा रहा है।एजु सिटी के अंतर्गत ठकऋळ और ठकएछकळ को भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रगति पर है।डिजाइन और आईटी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उच्च शिक्षा संस्थानों का क्लस्टर विकसित होगा। देश विदेश के नामी शैक्षणिक संस्थानों के आने से नवा रायपुर ज्ञान केंद्र के रूप में उभरेगा।मंत्री श्री ओपी चौधरी ने बताया कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा भी बीते दो साल में उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। नियमों को अधिक सरल, व्यावहारिक और किफायती बनाने के उद्देशेय से राज्य में पहली बार किफायती जन आवास नियम, 2025 लागू किया गया है।इससे आवास निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। नागरिकों और डेवलपर्स दोनों को लाभ होगा। अब कृषि भूमि में भी किफायती आवास स्वीकार किया गया है। प्रक्रिया सरल और समयबद्ध हुई है। कालोनाइजर्स द्वारा सामुदायिक खुले स्थान की अनिवार्यता 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। इससे परियोजनाओं की लागत में कमी आएगी। किफायती आवास अधिक व्यवहार्य बनेंगे।फिर भी आवश्यक खुले स्थान सुरक्षित रहेंगे।

इसके अतिरिक्त केंद्रीय रिफार्म के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 में भी संशोधन किये गये है। औद्योगिक क्षेत्रों में न्यूनतम पहुँच मार्ग की चौड़ाई कम की गई है। अब 7.5 से 9 मीटर चौड़ाई स्वीकार्य है।पहले यह 12 मीटर होनी अनिवार्य थी। इससे भूमि का बेहतर उपयोग संभव होगा। औद्योगिक क्षेत्रों में ग्राउंड कवरेज 60 प्रतिशत से बढाकर 70 प्रतिशत किया गया है। उद्योगों को अधिक निर्माण क्षेत्र मिलेगा। उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।इससे औद्योगिक विस्तार आसान होगा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योगों द्वारा पर्यावरणीय उत्सर्जनों के निगरानी हेतुरियल टाइम सिस्टम लागू किया गया है। ऑनलाइन के माध्यम से निरंतर निगरानी हो रही है, जिससे पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ी है।उत्सर्जन सीमा से अधिक होने पर तुरंत अलर्ट जारी होता है। तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई संभव होती है। नियमों के पालन में सख्ती आई है।स्वचालित नोटिस प्रणाली लागू की गई है।इससे प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हुई है तथा मानव हस्तक्षेप पर निर्भरता कम हुई है। कॉमन हजार्डस, अपशिष्ट उपचार, भंडारण और निपटान सुविधा विकसित की गई है, यह औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन का वैज्ञानिक समाधान है।नियामक व्यवस्था अधिक प्रभावी बनी है। इससे पर्यावरणीय जोखिम कम होंगेतथा उद्योगों को सुरक्षित विकल्प मिलेगा। कॉमन हजारडस वेस्ट अप्रैल 2025 से पूर्णतः क्रियाशील हो जाएगी।इसकी लैंडफिल क्षमता 60,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। जिससे दीर्घकालिक अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा किए गए सुधार वित्तीय अनुशासन को दशार्ते हैं।ऋण मुक्त संस्थान इसकी स्पष्ट मिसाल हैं। विकास को जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हुआ है। नागरिक केंद्रित सुधारों को सभी योजनाओं में प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल सेवाओं से सुविधा और पारदर्शिता बढ़ी है।सेवा वितरण में समय और लागत दोनों की बचत हुई है। नागरिकों का भरोसा मजबूत हुआ है। औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन पर समान रूप से ध्यान दिया गया है। युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर अवसर बढ़े हैं।राज्य की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। नवा रायपुर विकास का केंद्र बन रहा है।पर्यावरण संरक्षण को विकास का अभिन्न अंग बनाया गया है। तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली लागू की गई है। सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। प्राकृ तिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।नवा रायपुर अटल नगर इन सभी प्रयासों का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है।ऋण मुक्त, निवेश अनुकूल और भविष्य तैयार शहर के रूप में इसकी पहचान बनी है। आवास एवं पर्यावरण विभाग की उपलब्धियाँ छत्तीसगढ़ को वित्तीय रूप से सक्षम, निवेश-अनुकूल, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिक केंद्रित राज्य के रूप में स्थापित करती हैं। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में विभाग द्वारा की गई पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इसके लिए दीर्घकालीन विकास की ठोस नींव तैयार हुई है। इस अवसर पर अनुराग सिंह देव, अध्यक्ष, छत्तीसगढ गृह निर्माण मंडल, नन्द कुमार साहू, अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# अब तक 17.24 लाख टोकन से 87 लाख टन धान की हो चुकी खरीदी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर राज्य के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य अनवरत रूप से जारी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित 2739 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी सुगमता पूर्वक की जा रही है । धान की खरीदी के लिए 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। राज्य के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, वहीं अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## 7.5 प्रतिशत किसान एवं 19 प्रतिशत अधिक रकबा का पंजीयन

राज्य में किसानों से धान खरीदी हेतु समुचित व्यवस्था की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसान पंजीयन का कार्य एकीकृत किसान पोर्टल एवं एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। वर्तमान में धान की खरीदी हेतु 27.40 लाख किसानों के धान का रकबा 34.39 लाख हेक्टेयर का पंजीयन किया गया है। जबकि गत वर्ष 25.49 लाख किसानों द्वारा रकबा 28.76 लाख हेक्टेयर से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया था। इस प्रकार गत वर्ष विक्रय गये किसानों की तुलना में इस वर्ष लगभग 7.5 प्रतिशत किसान एवं 19 प्रतिशत रकबा का पंजीयन अधिक हुआ है।



## एग्रीस्टेक पंजीयन से छूट

संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन किसान (अधिया/रेगहा), डूबान क्षेत्र के किसान, वन अधिकार पट्टाधारी किसान, ग्राम कोटवार (शासकीय पट्टेदार) श्रेणी के किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन से छूट प्रदान की गई है। किसान पंजीयन का कार्य वर्तमान में जारी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों के हितों का ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने अब 24 घंटे टोकन प्राप्त करने की सुविधा ₹तुहर टोकन₹ एप्प में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदान कर दी है। वर्तमान में 17.24 लाख टोकन से 87 लाख टन धान खरीदी हेतु जारी किया जा चुका है। किसानों द्वारा आगामी 20 दिवस के टोकन प्राप्त किये जा सकते हैं।

## किसानों को 7 हजार 771 करोड़ रुपए की राशि का त्वरित भुगतान

अधिकारियों ने बताया कि 11 दिसंबर 2025 की स्थिति में किसानों को धान खरीदी के एवज में 7 हजार 771 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान समर्थन मूल्य के तहत का किया जा चुका है।

## अवैध धान विक्रय/ परिवहन पर नियंत्रण

जिलों में विशेष चेकिंग दल का गठन राजस्व, खाद्य, सहकारिता, वन, मंडी आदि विभागों के अधिकारियों का गठन कर किया गया है ।राज्य स्तर पर मार्कफेड अंतर्गत स्टेट इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की स्थापना की गई है।

# सीएआईटी प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर स्वदेशी संकल्प यात्रा में शामिल होने का दिया आमंत्रण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में देशभर में संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा के अंतर्गत 20 दिसंबर को दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीएआईटी के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और स्वदेशी विचारधारा को मजबूती देने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि स्वदेशी संकल्प यात्रा दुर्ग शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सशक्त स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल, स्थानीय व्यापार को सशक्त बनाना तथा स्वदेशी उद्यमिता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स के अध्यक्ष प्रकाश सांखला, यात्रा संयोजक संजय चौबे सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विजय दिवस (16 दिसंबर) के अवसर पर राष्ट्र के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, साहस और अदम्य पराक्रम का गौरवपूर्ण प्रतीक है, जो देशवासियों के हृदय में गर्व और कृतज्ञता का भाव जाग्रत करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने 1971 के ऐतिहासिक युद्ध का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों ने असाधारण साहस, त्याग और बलिदान का परिचय देकर देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की। उनके पराक्रम से न केवल भारत की सैन्य शक्ति विश्व मंच पर स्थापित हुई, बल्कि मानवीय मूल्यों और राष्ट्रधर्म की मिसाल भी प्रस्तुत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की अमर प्रेरणा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे देशभक्ति, अनुशासन और एकता के मूल्यों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शहीदों के आदर्शों पर चलना, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना ही विजय दिवस पर उन्हें सच्ची और स्थायी श्रद्धांजलि है।

# मुख्यमंत्री से सतनाम पंथ के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में विधायक सम्पत अग्रवाल के नेतृत्व में सतनाम पंथ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को 28 दिसम्बर को परम पूज्य गुरुघासी दास बाबा की जयंती महोत्सव के अवसर पर महासमुन्द जिले के ग्राम साजापाली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम पंथ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया तथा पूज्य बाबा गुरुघासी दास के सामाजिक और आध्यात्मिक संदेशों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर लखनमुनि महाराज, अभय घृतलहरे सहित सतनाम पंथ के अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# हिण्डाल्को रेणुकूट में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आगाज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रेणुकूट।ऊर्जा संरक्षण के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने हेतु प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट प्रबंधन द्वारा दिनांक 9 से 15 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के कर्मचारियों को ऊर्जा शपथ दिलाकर ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आगाज किया गया। हिण्डाल्को एडमिन विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग के प्रमुख विवेक अग्रवाल ने सभी को ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला तथा क्विज व स्लोगन प्रतियोगिताओं के साथझसाथ कर्मचारियों के लिए नुक्कड़ नाटक, पेप टॉक, महिलाओं के लिए अवेयरनेस सेशन आदि कार्यक्रमों का वृहद् स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर हिण्डाल्को के स्मेल्टर हेड जयेश पवार द्वारा ऊर्जा बचत के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए हिण्डाल्को में चल रहे विभिन्न ऊर्जा संरक्षण के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा संरक्षण के प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े स्तर पर ऊर्जा का संरक्षण करके ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सकता है जो कि आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रॉसेस में सुधार करके ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा को बचाया जा सकता है।कार्यक्रम के अंत में सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी एक दूसरे को बैज लगाकर एवं ऊर्जा संरक्षण से सम्बन्धित पॉकेट कार्ड वितरित किया।



## तक्षसिला लाइब्रेरी से जुड़े विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा आयोजित आरक्षक भर्ती परीक्षा में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा विभाग के निर्देशन में संचालित तक्षसिला जिला लाइब्रेरी सूरजपुर से जुड़े एवं नियमित रूप से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर जिले को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाती है कि सही वातावरण, नियमित अध्ययन और सकारात्मक मार्गदर्शन से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उल्लेखनीय है कि ग्रन्थालय के 5 विद्यार्थियों का चयन इस परीक्षा में हुआ है। भुवनकांत रायल - आईडी नं. - 457, विनिता मिंज - आईडी नं. - 418,सत्यम सिंह - आईडी नं.- 261,रामेश्वर सिंह - आईडी नं. - 449 और प्रीति सिंह - आईडी नं. - 56 (पूर्व पाठक)। यह सफलता तक्षशिला सूरजुर लाइब्रेरी के उस उद्देश्य को सशक्त करती है, जहाँ विद्यार्थियों को शांत, अनुशासित और लक्ष्य-केन्द्रित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। लाइब्रेरी निरंतर युवाओं को सरकारी सेवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं करियर निर्माण के लिए प्रेरित करती रही है !

चयनित सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए जिला प्रशासन सूरजपुर, जिला शिक्षा विभाग एवं तक्षशिला सूरजपुर लाइब्रेरी की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

# जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंतित कलेक्टर व एसएसपी

## ट्रांसपोर्टरों की बैठक लेकर यातायात नियमो का पालन करने दी सख्त हिदायत



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर की संयुक्त अध्यक्षता में ट्रांसपोर्टरों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी, आर टी ओ अधिकारी, खनन अधिकारी, सर्व तहसीलदार, जिले के यातायात प्रभारी सहित संबंधित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर एस. जयवर्धन ने कहा कि कई ट्रांसपोर्टरों के वाहन चालकों द्वारा जिले में यातायात नियमों की लगातार अवहेलना की जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन चालकों की आंखों की जांच एवं मानसिक स्थिति की अनिवार्य एवं नियमित रूप से जांच कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने ट्रांसपोर्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों पर कार्रवाई, तथा ट्रांसपोर्टरों द्वारा अपने वाहनों की सरप्राइज जांच स्वयं करने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।बैठक में आरटीओ को बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमों के तहत ही लाइसेंस जारी करने, बिना लाइसेंस धारकों को वाहन बेचने पर नियमानुसार पाबंदी लगाने तथा नियमों की अवहेलना करने वालों का नियमानुसार लाइसेंस निलंबित कर जप्त करने जैसे कार्यवाही सख्ती से करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त स्कूल समय एवं साप्ताहिक बाजार के दौरान संबंधित क्षेत्रों में भारी वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रकार के वाहनों में ब्रेक लाइट, बैक लाइट, ब्रेकिंग सिस्टम दुरुस्त रखने एवं वाहनों का नियमित मेंटेनेंस कराने के निर्देश दिए। नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा जिले के सभी ब्लाइंड स्पॉट वाले क्षेत्रों में आवश्यक सुधार कार्य कराने के भी निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए, ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से किया जा रहा नि:शुल्क ई-केवाईसी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत हितग्राहियों का 100 प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई तत्काल पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए सभी राशनकार्ड हितग्राहियों के आधार की जानकारी होना आवश्यक है। राशन कार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकरण नहीं होने के कारण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ईकेवाईसी के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से नि:शुल्क ई-केवाईसी किया जा रहा है।

राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की अलग - अलग प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 535 शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है तथा कुल 248828 राशनकार्ड प्रचलित है। प्रचलित राशन कार्ड में सदस्य के रूप में दर्ज 734146 हितग्राहियों में से अब तक 710858 हितग्राहियों द्वारा अपने उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी का कार्य करा लिया गया है। जिले के शेष राशन कार्ड हितग्राहियों से राशन कार्ड में ई-केवाईसी सभी सदस्यों के आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से तथा फेस ई-केवाईसी एप्प के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिहारपुर।** नवा टोला कुबेरपुर एवं खालबहरा चौक के पास हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया गया है कि बाईक सवार मृतक राजकुमार प्रजापति, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था। खालबहरा चौक के समीप पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजकुमार सड़क पर दूर जा गिरा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 तक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में रविवार 21 दिसम्बर से किया जायेगा , जो 23 दिसम्बर तक चलेगा। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 104660 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 729 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसम्बर को सुबह जिला एवं विकासखंड स्तर पर गणमान्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण दलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा चुकी हैं। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन द्वारा जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसम्बर रविवार को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद अवश्य पिलाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग दें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ0 हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक लॉजिस्टिक सामग्री का वितरण विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में किया जा चुका है। अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों के खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों, मेला-बाजार, ईंट भट्ठों, मलिन बस्तियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए विशेष मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

## जिले मे कुष्ट खोज अभियान के तहत 910 टीमें घर-घर कर रही सर्वे

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आहूत की गई। बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणो की समीक्षा करते हुये, सभी प्रकरणों का परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में उचित निराकरण करने हेतु निर्देश दिये। उन्होने शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होने 31 दिसंबर तक चलने वाले राष्ट्रीय कुष्ठ उन्नमूलन कार्यक्रम के अद्यतन स्थिति में जानकारी ली। जिस संबंध मे सीएमएचओ डॉ. कपिल पैकरा द्वारा बताया गया कि जिले मे 910 टीमे सघन कुष्ठ खोज अभियान के तहत घर-घर जाकर सर्वे का कार्य कर रही हैं। जो सर्वे के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रोग की पुष्टि होने वाले पॉजीटिव मरीजों को नि:शुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा हैं। उन्होने बताया कि सर्वे हेतु गठित टीम द्वारा प्रत्येक दिन 10-15 घरों का सर्वे किया जा रहा है और 14 कार्य दिवस में सर्वे कार्य पूर्ण किया जायेगा।

अद्यतन जानकारी प्राप्त कर कलेक्टर ने सघन कुष्ठ खोज अभियान के सफल संपादन हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा के अनुरूप युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए एवं संदिग्ध व्यक्तियों की स्क्रीनिंग प्राथमिकता के साथ की जाने की बात कही। बैठक में किसानों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए शासन द्वारा लिये गये निर्णय जिसके तहत कृषक बंधुओं को 31 जनवरी तक तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से टोकन प्राप्त होगा, इसका वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार संबंधितों को दिये। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा कृषक बंधुओ से आग्रह किया गया कि वे समय रहते ही तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से टोकन प्राप्त करें ताकि उन्हे अपने धान की बिक्री हेतु किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा किसानो की सुविधा व पारदर्शिता सभी संबंधित अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होने कहा किसानों के लिए टोकन के अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों का वास्तविक राहत देगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले, अपर कलेक्ट जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्ट पुष्पेंद्र शर्मा, सर्व एसडीएम, सर्व सीएमओ, सर्व जनपद सीईओ व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर, में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में **ई-ऑक्शन** किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे **ई-ऑक्शन** में भाग लेवें। **ई-ऑक्शन** से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर

नीलाम दिनांक- 24.12.2025 समय- प्रातः 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 129.394 | 2746 | **129.394** | **2746** |
| साल | 164.589 | 322 | 3123.369 | 1668 | **3287.958** | **1990** |
| साजा | 0.000 | 0 | 30.578 | 70 | **30.578** | **70** |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 13.560 | 307 | **13.560** | **307** |
| धावड़ा | 1.518 | 0 | 32.031 | 19 | **33.549** | **19** |
| सलैया | 0.402 | 10 | 62.478 | 6 | **62.880** | **16** |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 15.035 | 0 | **15.035** | **0** |
| अन्य | 27.033 | 0 | 688.409 | 1191 | **715.442** | **1191** |
| योगः- | **193.542** | **332** | **4094.854** | **6007** | **4288.396** | **6339** |
| जलाऊ | **161.000** | **Chatta** | **1406.000** | **Chatta** | **1567.000** | **Chatta** |

टीपः-

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी

जी-252605504/2 सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)


# टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने खरीदी केंद्र में जड़ा ताला,पहुंचे कलेक्ट्रेट

## 0 जिला प्रशासन से टोकन व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग
## 0 तीन दिन में समाधान के आश्वासन पश्चात शांत हुए किसान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** टोकन नहीं कटने से परेशान किसानों ने पहले तो यहां के खरीदी केंद्र में जमकर हंगामा मचाया और इसके बाद केंद्र के मेन गेट पर ताला जड़ दिया। किसान इतने नाराज थे कि वे समिति प्रबंधक को अपने साथ लेकर ट्रैक्टरों में भरकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए और टोकन व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करने लगे।

किसानों की नाराजगी को देखते हुए कलेक्ट्रेट मेन गेट को बंद कर दिया गया था।सुरक्षा के मद्देनजर वहां पुलिस जवानों को बुलाना पड़ा। जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, एसडीएम शिवानी जायसवाल व तहसीलदार सूर्यकांत साय, जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी तथा समाधान की दिशा में पहल करने का भरोषा दिलाया तब कहीं जाकर किसान शांत हुए। जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार को करीब 123 किसान यहां के खरीदी केंद्र में



धान बेचने के लिए टोकन कटाने पहुंचे थे। इस दौरान मात्र 11 किसानों का टोकन ही कट पाया था जिसके बाद टोकन कटना बंद हो गया और मायूस होकर किसान वापस लौट गए। इसके बाद मंगलवार को पुन: करीब 2 सौ की संख्या में किसान खरीदी केंद्र टोकन हेतु पहुंचे थे जिनमे से मात्र 7 किसानों का ही टोकन कट सका था। इस बात पर बड़ी संख्या में मौजूद किसान नाराज हो गए और खरीदी केंद्र में जमकर हंगामा करते हुए सुबह करीब 11 बजे केंद्र के में गेट पर ताला जड़ दिया। टोकन नहीं कटने से परेशान किसान उत्तेजित हो गए और समिति प्रबंधन को अपने साथ लेकर ट्रैक्टरों के माध्यम से कलेक्ट्रेट जाने के लिए निकल पड़े। इस बीच ट्रैक्टरों में भरकर किसानों को जाता देख जानकारी लगने पर पुलिस प्रशासन भी एलर्ट हो गया। जिसके बाद ज़िला प्रशासन को इसकी जानकारी देखकर कलेक्ट्रेट का मेन गेट बंद कर दिया गया। मौके की नजाकत को समझते हुए संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा सहित एसडीएम एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचे। नाराज किसानों ने अधिकारियों को टोकन की अपनी समस्या से अवगत कराया। जिसपर संयुक्त कलेक्टर ने तीन दिनों में टोकन व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन देते हुए कलेक्टर द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए पत्र की भी जानकारी दी। जिसके बाद किसान शांत हुए और जाते जाते किसानों ने यह चेतावनी दी कि अगर तीन दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान किसानों के साथ कांग्रेस नेता पंकज तिवारी भी साथ मे थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## बिजली की मांग को लेकर ग्रामीण कर रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**चांदनी-बिहारपुर।** क्षेत्र में वर्षों से लंबित विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। 15 दिसंबर से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी लगातार जारी है। बिजली की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन में शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र जनआंदोलन के रंग में रंगा नजर आया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि बिजली विस्तार की मांग को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष आवेदन, ज्ञापन और मांग पत्र सौंपे गए, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित होकर ग्रामीणों को अनिश्चित कालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। हड़ताल स्थल पर स्थिति यह रही कि हजारों की संख्या में जुटी भीड़ हड़ताल स्थल से लगभग 500 मीटर दूर तक फैल गई, जिससे जनसमर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और छात्रों की बड़ी भागीदारी ने आंदोलन को और मजबूती प्रदान की।

**कई बार मांग के बावजूद समाधान के आभाव में आंदोलन की राह पर लोग**

आंदोलनकारियों ने बताया कि महुली, कोल्हूआ, चोगा, खैरा, कैलाशनगर, छतरंग, बाक, असुरा, पालकेवरा, खोहीर, रामगढ़, उमझर, रसौकी, बैजनपाठ, लूल्ह, तेलाईपाठ, भून्डा, कछवारी, जूडवनीया, बसनरा, नवडीहा, कछिया, परसा, सहित लगभग दो दर्जन गांवों में आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। बिजली के अभाव में ग्रामीण जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। बच्चों की पढ़ाई मोमबत्ती और लालटेन के सहारे हो रही है, वहीं स्वास्थ्य सेवाएं भी बाधित हैं। रात के समय गांवों में अंधेरा रहने से असामाजिक गतिविधियों का भय बना रहता है। बिजली के बिना सभी कार्य ठप पड़े हैं।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि क्षेत्र के मूलभूत अधिकार बिजली को लेकर है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी विद्युतविहीन गांवों में बिजली पहुंचाने की लिखित घोषणा और कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता, तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। ग्रामीणों ने शासनङ्कप्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन
हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा
अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

सरगुजा फ्रंटलाइन

# धान के अवैध परिवहन, भंडारण पर रखें निगरानी, कोचिए-बिचौलियों पर करें कड़ी कार्रवाई

## एक जनवरी से अधिकारी-कर्मचारियों के आधार बेस्ड उपस्थिति अनिवार्य, पंजीयन के निर्देश



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत, पीजी पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 1 जनवरी से सभी कार्यालयों में ई ऑफिस प्राथमिकता से शुरू करें। किसी भी प्रकार की फाइल एवं लेटर अब ई-ऑफिस के माध्यम से ही आए, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि यह शासन की मंशा के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाएगी। कार्यालयों में 1 जनवरी से शत-प्रतिशत आधार बेस्ड उपस्थिति लागू किया जाएगा। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय-सीमा से पूर्व अनिवार्य रूप से आधार-आधारित पंजीयन पूरा करना होगा। यदि कर्मचारी या अधिकारी शासकीय कार्य से अन्य कार्यालय या दौरे पर जाता है, तो विभाग प्रमुख को लिखित में इसकी जानकारी उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उपस्थिति के आधार पर ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन जारी किया जाएगा।

बैठक में धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम लगातार फिल्ड पर जाएं और जांच कर कोचियों-बिचौलियों पर आवश्यक कार्रवाई करें। संबंधित अधिकारी धान के परिवहन और भंडारण पर कड़ी निगरानी रखें, सूचना तंत्र मजबूत करें।

कलेक्टर ने कहा निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के सत्यापन की अंतिम तिथि अब 18 दिसम्बर तक है, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शत-प्रतिशत सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने एवं शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों पर कार्रवाई होगी। विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से आमजनों को मिले, वहीं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन गम्भीरता से सुनिश्चित करें। बैठक में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन, भू-अर्जन आदि की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को समय सीमा में गंभीरता से निराकृत करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम कमिश्नर डीएन कश्यप एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोणार्क बिल्डर कॉलोनियों का निर्माण करके दे रहा सपनों का आशियाना

## दो दशक में 12 से ज्यादा कॉलोनियां कुशल इंजीनियरों के देखरेख में बनीं







**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर में 20 वर्षों से लोगों को अपने सपने के आशियाना देने का कार्य कोणार्क बिल्डर के द्वारा किया जा रहा है। दो दशकों में इन्होंने 12 से ज्यादा कॉलोनी का निर्माण करके लोगों को उनके सपनों का घर दिया है। कोणार्क बिल्डर ने अपने कॉलोनी में लोगों को सुरक्षित पारिवारिक माहौल देने के साथ-साथ हरित वातावरण, बच्चों के लिए प्ले एरिया, गार्डन, चौड़ी सीसी रोड के साथ सुरक्षा की सुविधा और एक कॉलोनी के लिए जो भी मूलभूत सुविधाएं होती हैं, वह प्रदान की है। कॉलोनी शासन के नियमों के अनुरूप है, जिनमें मजबूत स्ट्रक्चर और कुशल इंजीनियरों के देखरेख में शानदार मकान का निर्माण हुआ है। कॉलोनी का निर्माण करते समय लोगों की मूलभूत सुविधाओं का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाता है। इनके द्वारा बनाई गई कॉलोनियां शहर के मुख्य बाजार से अधिकतम 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिनमें से कुछ कॉलोनी तो राष्ट्रीय राजमार्ग और रिंग रोड पर हैं।

### राष्ट्रीय एकीकृत बैंक से फाइनेंस की सुविधा

कोणार्क बिल्डर के डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि वर्तमान में दो आवासीय प्लाट व दो आवासीय कॉलोनी का निर्माण कार्य चल रहा है। यह सभी प्रोजेक्ट शासन के नियमों और रेरा से स्वीकृत हैं, इनमें सभी मूलभूत आवश्यकताओं के साथ जिम, क्लब हाउस, स्विमिंग पुल व सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की सुविधा भी हैं। उन्होंने बताया लोगों के लिए फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। 30 लाख से कम के घरों के लिए 90 प्रतिशत तथा 30 लाख से ऊपर के घरों के लिए 80 प्रतिशत तक फाइनेंस किसी भी राष्ट्रीय एकीकृत बैंक से हो जाएगा।

### बेकाबू कार पलटी, सवार की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कार पलटने से घायल सवार की मौत हो गई। घटना सूरजपुर जिले की है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के ग्राम पहिया चंदौरा का धनेश्वर रजवार पिता खरीदन रजवार 34 वर्ष, 15 दिसम्बर को दोपहर करीब एक बजे घर से रुपये निकालने के लिए भैयाथान बैंक जाने की बात कहकर निकला था। वापस आते समय सोनगरा पेट्रोल पम्प के पास चालक के नियंत्रण से बाहर हुई कार पलट गई। इसकी सूचना मिलने पर स्वजन घायल कार सवार को एक निजी अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां रात 8.30 बजे चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति में सरगुजा को मिला सशक्त नेतृत्व







**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से आज भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई।

इसी क्रम में भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा के तहत पार्षद मनोज गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र जायसवाल को दुर्ग संभाग प्रभारी तथा राकेश कुमार गुप्ता 'बबलू' को भाजपा ओबीसी मोर्चा सरगुजा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से सरगुजा सहित पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ओबीसी समाज के हितों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए प्रभावी रूप से कार्य करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने आशा व्यक्त की, सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठनात्मक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा आगामी चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए आईजी ने आईआरएडी, ईडीएआर के डीआरएम के साथ की बैठक

## ब्लैक स्पॉट को चिन्हाकिंत करने और एम.व्ही. एक्ट की कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व प्रभावी रोकथाम करने हेतु पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज ने सभी इकाईयों के नोडल अधिकारियों एवं आईआरएडी/ईडीएआर के डी.आर.एम. के साथ समीक्षा बैठक ली। समीक्षा के दौरान रोड एक्सीडेंट (ब्लैक स्पॉट) स्थानों पर किन कारणों से रोड एक्सीडेंट की घटना घटित होती है, के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चौक-चौराहों एवं दुर्घटनाजन्य वाले ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों को चिन्हांकित करते हुए बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, नशे का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध एम.व्ही. एक्ट की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आईआरएडी/ ईडीएआर के एप्लिकेशन में विवेचकों द्वारा गलत एंट्री व त्रुटियों के संबंध में गहन चर्चा की गई। कहा गया कि आईआरएडी/ ईडीएआर के एप्लिकेशन अपलोड, त्रुटियों का सुधार, एक्सीडेंट का मामला दर्ज होने के कई महीनों बाद विवेचक, थाना प्रभारियों द्वारा अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने जिलों के नोडल अधिकारियों निर्देश दिया कि आईआरएडी/ ईडीएआर में एंट्री के संबंध में विवेकों को समय-समय पर प्रशिक्षण कराया जाए। दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पुलिस महानिरीक्षक ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलों में यातायात जागरूकता अभियान स्कूल, कॉलेजों, हॉट बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आम नागरिकों को यातायात नियमों एवं सकेतों का पालन कराया जाए। समीक्षा दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि इकाईयों के नोडल अधिकारी एवं डी.आर.एम. के साथ समन्वय स्थापित कर चिन्हित किए गए स्थानों पर पुलिस एवं परिवहन, एनएच, पीडब्ल्यूडी, पीएमजे एसवॉय के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए चिन्हित स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रीफ लगवाने की पहल की जाए। सड़कों में ढलान साइड में वॉल निमार्ण कार्यों को पूर्ण कराने व सड़क के दोनों किनारों पर सफेद मार्किंग, प्लास्टिक रिफ्लेक्टर एवं सांकेतिक चिन्ह, गति सीमा बोर्ड, गति अवरोधक ब्रेकर जैसे कार्यों का पूर्ण कराते हुए यातायात सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किया जाए जिससे बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके।

### राहवीर योजना अतंर्गत प्रस्ताव प्रेषित करें

आईजी दीपक कुमार झा ने कहा यदि किसी व्यक्ति या आम नागरिक को सड़क दुर्घटना में घायल होना पाया जाए तो तत्काल उसे घायल व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाने वाले व्यक्ति की पहचान करते हुए संबंधित नेक इंसान को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें राहवीर योजना अतंर्गत प्रस्ताव प्रेषित करते हुए प्रोत्साहन राशि दिलाकर प्रोत्साहित कराने का कार्य किया जाए।

# जमीन विवाद सुलझा, कुरडीह में सड़क निर्माण कार्य पुनः शुरू



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के ग्राम पंचायत कुरडीह में जनमन योजना के अंतर्गत चल रहा सड़क निर्माण कार्य जमीन विवाद के कारण कुछ समय के लिए बाधित हो गया था। विवाद की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बसंत कुजूर मौके पर पहुंचे और संबंधित पक्षों से संवाद कर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया। उनकी पहल से आपसी सहमति बनी, इसके बाद रुका हुआ सड़क निर्माण कार्य पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया। ग्रामीणों ने विवाद के समाधान और विकास कार्य को आगे बढ़ाने में निभाई गई भूमिका पर संतोष व्यक्त किया। सड़क निर्माण दोबारा शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। जल्द ही लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### मेगा मार्ट के पार्किंग से मोटरसायकल चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मिशन चौक के पास स्थित विशाल मेगामार्ट में काम करने आए युवक का मोटरसायकल पार्किंग से अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। मूलतः ग्राम रामनगर निवासी आनन्द कुमार टोप्पो ने पुलिस को बताया है कि वह वर्तमान में अपने जीजा रघुराम तिर्की के यहां भाथुपारा में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा है और कभी-कभी काम करने विशाल मेगामार्ट में जाता है। बीते दिनों वह सुबह लगभग 8 बजे अपने जीजा के मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डीएफ 9210 से विशाल मेगा मार्ट में काम करने गया था। सुबह करीब 8.30 बजे मेगा मार्ट के पार्किंग में मोटरसायकल खड़ा करके काम कर रहा था। दोपहर 12.30 बजे निकला तो मोटरसायकल नहीं थी। काफी पता तलाश करने के बाद भी मोटरसायकल का पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है।

# रजत जयंती 2025 पर वृद्धजनों का सम्मान



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** रजत जयंती 2025 के अवसर पर मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में सम्मेलन (वृद्धजन दिवस) का आयोजन वृद्धाश्रम अजिरमा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और उनके सामाजिक योगदान को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। साथ ही ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी पुरुष एवं महिला हितग्राहियों को स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गीत-संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिससे कार्यक्रम का माहौल उल्लासपूर्ण रहा। कार्यक्रम में व्ही.के. उईके उप संचालक समाज कल्याण विभाग सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं वृद्धाश्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गुरू घासीदास जयंती पर कल रहेंगे पशुवध गृह बंद

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर पालिका निगम अंबिकापुर के आयुक्त ने बताया कि स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 18 दिसम्बर 2025 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह बंद रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है कि गुरू घासीदास जयंती पर मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल बाइक सवार की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अज्ञात चार पहिया वाहन की ठोकर से घायल लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सहनपुर निवासी लिनुस एक्का 47 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। मानमती एक्का ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी बीमार मां को देखने के लिए बीते 10 दिसम्बर को अपने पति के साथ मोटरसायकल में गांव पुटापानी गई थी। शाम करीब 6 बजे वापस घर आते समय डडगांव कोसा फार्म के पास सामने सड़क के किनारे खड़ी गाडी को पार करते समय अचानक चार चक्का वाहन के चालक ने तेज रफ्तार में मोटरसायकल को ठोकर मार दिया, जिससे दोनों फेंका गए। हादसे में लिनुस एक्का को सिर व छाती में चोंट आई थी, जिससे वह बेहोश हो गया था। मौके पर उपस्थित लोगों ने इन्हें उठाकर रास्ते से गुजर रही स्कार्पियो वाहन से शासकीय अस्पताल लुण्ड्रा भेजा। चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाने के बाद इन्हें रिफर कर दिया। होली क्रॉस अस्पताल अंबिकापुर में इलाज के बीच 15 दिसम्बर की शाम 5.20 बजे लिनुस को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर होली क्रॉस अस्पताल चैकी पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### सहायक ग्रेड-03 हेतु 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश में दिए गए स्वीकृति अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत जिला कार्यालय सरगुजा में स्वीकृत 02 पद सहायक ग्रेड-03 (संविदा) हेतु जिले के आरक्षण रोस्टर अनुसार कार्यालय कलेक्टर स्थित कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक-20 में 31 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय पर स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित योग्यता धारक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत विवरण जिले के वेबसाइट पर व जिला कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

## कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन आज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** केन्द्र सरकार के द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में आमूल-चूल परिवर्तन करके उसे कमजोर करने एवं अव्यवहारिक बनाने के साथ ही उसका नाम बदलने के लिए संसद में एक बिल प्रस्तुत किया गया है। इसके विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आज 17 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। बिल के संसद में पास होने पर मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की यह योजना पूरी तरह प्रभावित होगी। बिल के माध्यम से केन्द्र सरकार इस योजना पर व्यय होने वाली राशि में अपने अंशदान से भी पल्ला झाड़ना चाहती है। इसका पूरा भार राज्य सरकारों पर डालना चाहती है। सभी राज्य सरकारें पहले से ही भारी कर्जे में फंसी हुई हैं। ऐसे में उन पर मनरेगा का पूर्ण आर्थिक भार डालने का तात्पर्य इस बहुमुखी योजना को एक तरह से समाप्त करने जैसा होगा। देश के बहुसंख्यक गरीब जनता के आय के इस प्रमुख स्त्रोत पर केन्द्र की भाजपा सरकार के वार के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद डाटा सेंटर के सामने इसके विरोध में धरना प्रदर्शन करेगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर